राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 227
जौनपुर, बुधवार
04 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
35°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

यमुना नदी में 3 बहनों समेत 4 की डूबने से मौत

हादसा

दो किशोरियों को बचाया गया, नहाते समय हुआ हादसा

आगरा, 03 जून। सिकंदरा क्षेत्र के नगला नाथू गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। गांव के पास यमुना नदी में नहाने गई छह किशोरियां नदी में डूब गईं। इसमें से चार की मौत हो गई, जबकि दो को बचा लिया गया है। किशोरियों की उम्र 12 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है, जिनमें से तीन एक ही परिवार की थीं, जबकि अन्य रिश्तेदार थीं। ये सभी गर्मियों की छुट्टियों में गांव घूमने आई थीं।

नगला नाथू गांव यमुना किनारे पर ही है। किशोरियां सुबह यमुना नदी के घाट पर नहाने गई थीं। नहाते समय वे नदी की बीच धार में चली गईं और भंवर में फंस गईं। किनारे पर मौजूद अन्य बच्चों ने तुरंत गांव में सूचना दी। स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू की, लेकिन किशोरियों को बचाने में देरी हो गई।

सिकंदरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला और स्टीमर के साथ पीएसी के गोताखोरों को बुलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सभी किशोरियों को नदी से निकाला गया, लेकिन तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं।

इस हादसे के बाद नगला नाथू और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। यमुना के घाट पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। यह हादसा नदी में नहाने की सावधानी बरतने की जरूरत को फिर से रेखांकित करता है। जहां वे नहाने गई थी वहां नदी का कोई घाट बना हुआ नहीं है।

मौके पर डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एडीशनल पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह पहुंचे हैं। जिन दो किशोरियों को बचाया गया है, उन्हें प्रवाह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

मेरठ में एक के बाद एक 5 विस्फोट से दहला इलाका, मकान की छत उड़ी

मेरठ, 03 जून। यूपी के मेरठ जिले के कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक के बाद एक 5 विस्फोटों से पूरा इलाका दहल उठा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जाहिदीयान में बुढ़ाना गेट चौकी के सामने ही गली में स्थित एक मकान में ये विस्फोट हुए। एक के बाद एक पांच धमाके हुए। धमाके इतने तेज थे कि पूरा इलाका सहम गया। विस्फोटक सामग्री गंधक और पोटाश में धमाका होने के कारण मकान की छत और दीवारें उड़ गईं। इस दौरान आसपास का पूरा इलाका दहल गया और ईंटें बिखर गईं। फिलहाल एक संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

कोतवाली में बुढ़ाना गेट चौकी के सामने मोहल्ला जाहिदीयान में शादाब और शाहीन का मकान है। दोनों भाई ई रिक्शा चलाने और शादी समारोह में आतिशबाजी का काम करते हैं। इन्हीं लोगों ने घर की छत पर विस्फोटक भरके रखा था और कुछ पटाखे भी सुखाए हुए थे। मंगलवार को करीब 11:45 बजे अचानक की विस्फोटक सामग्री में धमाके हुए। एक के बाद एक पांच विस्फोट के कारण पूरा इलाका दहल गया और मकान की छत उड़ गई। एक तरफ की दीवार भी गिर गई। पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। धमाके इतने तेज थे कि 100 मीटर दूर बुढ़ाना गेट चौकी तक इलाका दहल गया और धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाकों की आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए। थोड़ी ही देर में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। इस दौरान मकान मालिक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम भी बुला ली। फॉरेंसिक टीम ने आते ही मौके पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल घर से कुछ विस्फोटक सामग्री और पटाखे बरामद हुए हैं।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1
Result - 24-01-2024
NIKHIL SINGH
SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE
9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO
9415234111, 9415349820
9450089310

पंजाब से पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आईएसआई को दे रहा था खुफिया जानकारी

अमृतसर, 03 जून। देश से जासूसों के पकड़े जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। पंजाब पुलिस ने अब एक और शख्स को गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और खालिस्तान समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था।

जानकारी के अनुसार, जांच में पता चला है कि वह सेना की तैनाती, सेना से जुड़ी गतिविधियों और अन्य गोपनीय जानकारी साझा करने में लगा हुआ था, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता था।

खालिस्तानी समर्थन में था आरोपी: प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गगनदीप सिंह पिछले पांच वर्षों से पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था, जिसके माध्यम से उसे पाकिस्तानी खुफिया संचालकों (पीआईओ) से मिलवाया गया था।

अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में मिलेगा 20% आरक्षण

योगी कैबिनेट में 10 प्रस्तावों को मंजूरी

लखनऊ, 03 जून। यूपी कैबिनेट की बैठक में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कुल 11 प्रस्तावों में से 10 को मंजूरी दी गई, जिसमें हल्दीराम उद्योग के लेटर ऑफ इंट्रेस्ट को भी स्वीकृति मिली है। नोएडा में हल्दीराम स्नैक्स की 662 करोड़ रुपये की निवेश परियोजना को हरी झंडी दी गई, जबकि पांच कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन की सुविधा मंजूर हुई है। ACC सोनभद्र समेत कुल छह कंपनियों के प्रस्तावों पर भी सहमति बनी। उद्योग मंत्री नंदी ने कहा कि विपक्ष के आरोपों का करारा जवाब मिला है और इन्वेस्ट यूपी के प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है, जो सभी वर्गों (SC, ST, OBC, सामान्य) में समान रूप से लागू होगा। इसके साथ ही अग्निवीरों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट भी मिलेगी, जबकि अन्य राज्यों और केंद्रीय बलों (CISF, BSF) में अब तक अधिकतम 10 प्रतिशत आरक्षण ही दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा दो हजार अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। प्रत्येक जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे, जहां से लाभार्थियों को उचित दर पर सरकारी राशन मिलेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि दो हजार अन्नपूर्णा भवन निर्माणाधीन हैं।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 'होम स्टे लॉज' की अनुमति देने का फैसला किया है, जिसमें एक से छह कमरों तक के होम स्टे लॉज बनाए जा सकेंगे। इन होम स्टे लॉज की अनुमति जिला मजिस्ट्रेट (DM) और पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SP/SSP) द्वारा दी जाएगी। पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है, जिससे राज्य में छोटे स्तर पर पर्यटक आवास सुविधाओं का विस्तार होगा।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 'होम स्टे लॉज' की अनुमति देने का फैसला किया है, जिसमें एक से छह कमरों तक के होम स्टे लॉज बनाए जा सकेंगे। इन होम स्टे लॉज की अनुमति जिला मजिस्ट्रेट (DM) और पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SP/SSP) द्वारा दी जाएगी। पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है, जिससे राज्य में छोटे स्तर पर पर्यटक आवास सुविधाओं का विस्तार होगा।

अबॉर्शन चाहने वाली रेप पीड़िताओं से आईडी प्रूफ मांगने पर जोर न दें अस्पताल: दिल्ली कोर्ट

नई दिल्ली, 03 जून। देश पर गर्भपात की मांग करने वाली बलात्कार पीड़िताओं से पहचान पत्र मांगने से बचें। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने ऐसी पीड़िताओं, खासकर नाबालिगों के लिए 'स्पष्ट, व्यावहारिक और संवेदनशील' मेडिकल प्रोटोकॉल की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि प्रक्रियाओं में स्पष्टता का अभाव, पहचान दस्तावेजों पर जोर तथा अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक मेडिकल जांच में देरी ने इस मामले में पीड़िता की परेशानी को और बढ़ा दिया है।

हाईकोर्ट ने 29 मई के आपने आदेश में कहा, ''अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को इस तथ्य के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए कि यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं, विशेषकर नाबालिग लड़कियों से जुड़े मामलों में अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील दृष्टिकोण की जरूरत होती है।'' मेडिकल प्रोटोकॉल केवल कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि उन्हें सहानुभूति, व्यावहारिक सोच, और यौन हिंसा के पीड़ित लोगों द्वारा झेली जाने वाली विशिष्ट कठिनाइयों की गहरी समझ से भी निर्देशित होना चाहिए। फैसले में कहा गया है, 'जहां यौन उत्पीड़न (बड़े या छोटे) की पीड़िता जांच अधिकारी के साथ हो या उसे अदालत या सीडब्ल्यूसी के निर्देश के अनुसार पेश किया गया हो, वहां अल्ट्रासाउंड या किसी प्रासंगिक/आवश्यक जांच प्रक्रिया के लिए संबंधित अस्पताल और डॉक्टर द्वारा पीड़िता के पहचान प्रमाण/पहचान पत्र पर जोर नहीं दिया जाएगा। ऐसे मामलों में जांच अधिकारी द्वारा पहचान पर्याप्त होगी।' अदालत एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने चिकित्सीय गर्भपात की मांग की थी। कोर्ट ने सभी हितधारकों को यौन उत्पीड़न के उन मामलों में स्पष्टता और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए जिनमें पीड़िता गर्भवती हो। अदालत ने निर्देश दिया कि सभी मामलों में, संबंधित अस्पताल और डॉक्टर द्वारा बिना किसी देरी के एक व्यापक मेडिकल जांच की जानी चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह पीड़िता की पहचान करे और यह सुनिश्चित करे कि जब उसे डॉक्टर, अस्पताल या मेडिकल बोर्ड के सामने पेश किया जाए, तो पीड़िता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और केस फाइल पुलिस अधिकारी के पास हो।

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
RNTSSS
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato
diagnostics realm
• CT Coronary Angiogram
• Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001
9580799739, 8400746241
diagnatoimaging@gmail.com

अमरोहा में बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया, घर में पड़ा मिला शव

अमरोहा, 03 जून। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम अवतार सिंह के बेटे ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय स्वजन घर नहीं थे। घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस मृतक के मोबाइल माध्यम से क्लू तलाश कर रही है।

मूल रूप से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव खण्डसाल कलां निवासी राम अवतार सिंह बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हैं। वर्तमान में वह परिवार के साथ नगर की आवास विकास कालोनी में रहते हैं।

परिवार में पत्नी किरन देवी, एक बेटा अश्वनी व बेटी अलका हैं। बेटा व बेटी सीए की तैयारी कर रहे हैं। अमरोहा में ही दोनों कोचिंग करते थे। सोमवार को राम अवतार सिंह पत्नी किरन देवी की दवाई लेने मेरठ गए थे। बेटी अलका भी उनके साथ गई थी। घर पर केवल बेटा अश्वनी ही रह गया था। स्वजन की गैरमौजूदगी में अश्वनी ने घर में रखी पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रात लगभग 10.30 बजे राम अवतार सिंह पत्नी व बेटी के साथ घर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सबसे पहले बेटी अलका घर में गई तो वहां भाई का खून से लथपथ शव देख कर चीख निकल गई। थोड़ी देर में आसपास के लोग भी आ गए थे।

सीओ शक्ति सिंह व प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर भी फोरेंसिक टीम के साथ आ गए। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नही हो सके हैं। हालांकि, घर में लूटपाट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है, न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। रिवाल्वर शव के पास पड़ा था।

हालांकि, बदहवास स्वजन कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं, लिहाजा पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। घर पर लगे सीसीटीवी की फुटेज के लिए डीवीआर भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पड़ोसियों ने भी गोली चलने की आवाज सुनने से इनकार किया है। सीओ ने बताया कि घटना की प्रत्येक बिंदु को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है।

जय माँ गायत्री सुपरस्पेशलिटी
पेन हॉस्पिटल/क्लीनिक एवं पैलिएटिव केयर (दर्द चिकित्सालय)
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
दर्द क्लीनिक (पेन क्लीनिक)
दर्द विभाग- पुराना दर्द की चिकित्सा विशेषज्ञता का हॉस्पिटल जनपद में पहली बार इन्टरवेंशनल पेन प्रोसीडर सर्जरी द्वारा बिना चीर फाड़ के दर्द से तत्काल आराम।
पेन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट
चेहरे का दर्द, घुटने का दर्द, स्पाइन का दर्द, गर्दन का दर्द, न्यूरो (नस) का दर्द, कैंसर का दर्द, माइग्रेन का दर्द इत्यादि।
पुराना दर्द से आराम न मिलने पर दर्द विभाग में अवश्य दिखायें
पैलिएटिव मेडिसीन विभाग- पैलिएटिव विभाग/विशेषज्ञता का जनपद में पहली बार प्रारम्भ पुराना गम्भीर जनरल मेडिसीन/ सायकियाट्रिक/न्यूरोलॉजी/ कार्डियोलॉजी/ टी.बी. एवं चेस्ट/ आन्कोलॉजी (कैंसर विभाग)/HIV विभाग इत्यादि से सम्बन्धित रोगों/ विशेषज्ञों के यहाँ से आराम न मिलने पर पैलिएटिव मेडिसिन विभाग/विशेषज्ञता में एक बार अवश्य दिखायें।
क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग- इमरजेन्सी डाक्टरों की हर समय सुविधा/उपलब्धता
(आई.सी.यू. & वेन्टीलेटर)
24 Hours सेवा
डेंगू, मलेरिया, निमोनिया हार्ट अटैक, साँस फूलना इत्यादि।
डा. विवेक शुक्ला
M.D. एनेस्थिसियोलॉजी & क्रिटिकल केयर
F.P.M (Fellow Pain Management & Palliative Care)
दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट), पैलिएटिव फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Regd.No.- 53800

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
ADMISSION OPEN
For Classes PG to IX
Ph No.: 9598785972, 7007410872
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है।

त्यौहारों को परम्परागत तरीके से मनाये जनपदवासी : जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा मंगलवार सर्किट हाउस चुर्क में संयुक्त रूप से आज आगामी त्यौहार गंगा दशहरा व ईदुज्जुहा (बकरीद) को लेकर जनपद में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बैठक में आये सभी धर्मों के सम्मानित नागरिकों व धर्मगुरूओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए इस बैठक में आयें हैं, उसके लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होने सभी उपस्थित धर्मगुरूओं व नागरिकों का आह्वाहन करते हुए अपील की है कि जिस प्रकार विगत वर्षों में सभी धर्मों के लोग आपसी भाई चारे से सभी त्यौहार मिल जुल कर मनाते आ रहे है, आगामी त्यौहार दशहरा, बकरीद को भी उसी तरह से गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखेंगें। उन्होने जनपद वासियों का आह्वाहन करते हुए अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों को प्रसारित करने से बचे और कोई भी इस प्रकार की सूचना यदि उन्हे प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दे ताकि उस सूचना की जॉच करते हुए उसका निस्तारण कराया जा सके।

गंगा दशहरा, ईद-उल-अजहा और योग सप्ताह को सकुशल ढंग से मनायें, पीस कमेटी संपन्न

परम्परागत तरीके से मनाएं त्योहार, नई परम्परा की शुरूआत न करें : डीएम

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। आगामी गंगा दशहरा, ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व व योग सप्ताह को जनपद में पूरे हर्षोल्लास, शांतिपूर्ण एवं परम्परागत ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत मंगलवार को डीएम शैलेश कुमार व एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक की। जहां पर उनके द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान डीएम ने आगामी त्यौहार विशेषतौर पर बकरीद व गंगा दशहरा को आपसी सौहार्दपूर्ण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाया जाए। किसी भी प्रकार से नई परम्परा की शुरूआत न की जाए। बकरीद के दौरान खुले स्थान पर कुर्बानी न दी जाए। किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु व जानवरों की कुर्बानी न दी जाए। जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अवशेष व अपशिष्ट पदार्थो को खुले में न डालें। न ही खुला लेकर जाए। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी व स्थानीय निकायों के ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए। त्यौहार के दिन अनवरत विद्युत आपूर्ति व जलापूर्ति भी बनाए रखा जाए। त्यौहार के दिन

सफाईकर्मिकों सहित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक की भी ग्रामीणांचलों में ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने सभी बीडीओ एवं ईओ सख्त निर्देशित किया कि नवाज पढ़ने के समय सभी सुअरबाड़े को ताला लगाकर बंद रखा जाए। ईदगाह एवं मस्जिद क्षेत्र के आसपास पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित किए जाए। यदि कहीं भी तार लटके हो या जर्जर हो तो उन्हें विद्युत विभाग त्यौहार के पूर्व ही सही कर ले। उन्होंने गंगा दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत अधिकारियों को बेहतर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। एसपी ने सभी सीओ, थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत संबंधित एसडीएम से समन्वय स्थापित करते हुए अपने क्षेत्रो में भ्रमणशील रहे। विगत वर्ष यदि कही त्यौहार के अवसर पर विवाद हुए हो तो विशेष निगरानी रखते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं। ताकि कही भी विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के क्रम में योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा। इस पर भी चर्चा की गई।

इस मौके पर एडीएम कुंवर वीरेंद्र मौर्य, सीडीओ डॉ.शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ.संतोष चक, एसडीएम ज्ञानपुर शिव प्रकाश यादव, भदोही अरुण गिरी, श्याम मणि त्रिपाठी, औराई बरखा सिंह, सभी सीओ, थानाध्यक्ष, विभिन्न निकायों के चेयरमैन व विभिन्न थानों से आए नागरिक, धर्मगुरु, योग गुरु आदि उपस्थित रहें।

आईजीआरएस जन सुनवाई निस्तारण में विन्ध्याचल मण्डल का प्रदेश में प्रथम स्थान

मीरजापुर। आईजीआर जन सुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त संदर्भो की मार्किंग, अग्रसारण एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में विन्ध्याचल मण्डल को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के संदर्भो का शासन स्तर पर रैंकिंग समीक्षा में कुल 120 पूर्णांक में से 100 प्राप्तांक प्राप्त कर 83.33 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम रैंक, स्थान प्राप्त हुआ हैं। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी ने सभी मण्डलीय, जनपदी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर में आईजीआरएस जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर पर प्राप्त संदर्भो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान, रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि हमारे समस्त मण्डलीय अधिकारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी मण्डलीय व इससे जुड़े जपनदीय अधिकारियों को इस अनुपम उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आपके परिश्रम एवं समर्पण से हमारा मण्डल आगे भी इसी प्रकार सफलता के शिखर को प्राप्त करता रहेगा। उन्होंने पुन: इस उपलब्धी के लिए बहुत बधाई दी तथा कहा कि आपका सभी का परिश्रम एवं प्रयास हमारे मण्डल के लिए हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।

ट्रक-बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो घायल, एक की मौत

मीरजापुर। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर बाद ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची लहंगपुर चौकी की पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया दूसरे को गंभीरावस्था में मंडलीय अस्पताल रेफर किया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राजापुर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर बाद करीब 3 बजे एक बाइक पर सवार दो लोग मीरजापुर की तरफ जा रहे थे कि ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई जिससे बदऊआ कलां, संसारपुर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज निवासी मौजी लाल उर्फ कल्लू उम्र करीब 35 वर्ष व उनके ससुर रामसागर घायल हो गए।

सोन प्रेरणा बाजार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की होगी बिक्री

डीएम ने सोन प्रेरणा बाजार का फीता काटकर किया शुभारंभ

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट मोड़ लोढी, रॉबर्ट्सगंज पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए सोन प्रेरणा बाजार का शुभारंभ जिलाधिकारी बद्रीनाथ के द्वारा फीता काट करके किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, उपायुक्त स्वत: रोजगार एवं अन्य जनपदीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने बताया कि सोन प्रेरणा बाजार के खुल जाने से न केवल समूह की महिलाओं को रोजगार सृजन की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त होगा बल्कि इनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए एक निश्चित स्थान भी निहित हो रहे हैं।

इस दुकान के खुल जाने से समूह द्वारा बनाए गए सभी तरह के उत्पाद आपको एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे। जनपद में

वर्तमान समय में डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ी हुई हैं जिसमें से ज्यादातर महिलाएं कोई ना कोई उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजार में बेचती हैं। जिसका उचित मूल्य उन्हें नहीं मिल पाता इस दुकान से उनके उत्पादों का उन्हें उचित मूल्य मिल पाएगा और महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी।

मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के द्वारा बताया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे सभी तरह के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के द्वारा व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए कहा गया कि महिलाओं के द्वारा जो भी उत्पाद बनाए जा रहे हैं यह पूरी तरीके से शुद्ध है इन उत्पादों की आपूर्ति जल्द ही पुलिस विभाग के द्वारा आयोजित किए जाने वाले बड़े कार्यक्रमों में कराया जाएगा जिससे कि इन महिलाओं को विभागीय सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त स्वत: रोजगार महोदया ने बताया कि जनपद में समूह के द्वारा 100 से ज्यादा तरह के उत्पाद बनाए जा रहे हैं, हमारा यह प्रयास होगा कि हम समूहों से उच्च क्वालिटी का गुणवत्तापूर्ण बनाए गए उत्पादों को सोन प्रेरणा बाजार पर उपलब्ध करा सके जिससे की न केवल महिलाओं की आमदनी बढ़े बल्कि आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से भी सहायक सिद्ध हो सकेगा।

जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं अन्य अधिकारीगणों के द्वारा लगभग 10000 की खरीदारी भी सोन प्रेरणा बाजार से की गई। सभी लोगों से अनुरोध भी किया गया कि आप लोगों को यदि शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं अन्य उत्पाद चाहिए तो आप लोग सोन प्रेरणा बाजार पर आ करके सामग्री का क्रय कर सकते हैं। इससे समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ेगा और रोजगार का नया माध्यम भी उपलब्ध होगा।

निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों का प्रदर्शन

भदोही। निजीकरण के विरोध में विद्युतकर्मियों ने मंगलवार को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने नारेबाजी की और धरना दिया। इस दौरान राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के क्षेत्रीय सचिव इं.अभिषेक प्रजापति ने कहा कि निजीकरण का फैसला वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी नहीं होगी। यह आंदोलन पिछले 6 महीने से चल रहा है। उन्होंने बताया कि जहां विद्युत का निजीकरण हुआ है, वहां बिजली दरें काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि निजीकरण से यहां के उपभोक्ताओं पर भी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। ऐसे में निजीकरण का फैसला वापस लिया जाए। जिससे उपभोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों के हित सुरक्षित रह सके। संघर्ष समिति के संयोजक इं.धीरेंद्र प्रताप कौशल ने प्रबंधन की तुलना अंग्रेजी शासन से की।

कूट रचित दस्तावेज के तहत किसानों की जमीन कर रहे कब्जा आरोप

रेलवे विभाग के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

सोनभद्र। किसान व आम जनता, ग्राम पंचायत मारकुण्डी व राजस्व ग्राम अवई, विकास खण्ड व तहसील-राबर्ट्सगंज, तेरा वीडियो ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में रेलवे विभाग के मनमानी तरीके से कब्जा किए जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते हुए जताया आक्रोश सौंपा पत्र लगाई न्याय की गुहार। नेतृत्व कर रहे ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव ने बताया कि प्रार्थीगण ग्राम पंचायत मारकुण्डी व इसके अन्तर्गत राजस्व ग्राम-अवई, के कृषकगण हैं। वर्तमान समय में हम प्रार्थीगण के ग्राम पंचायत मारकुण्डी में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत सर्वे व तरमीम का कार्य किया जा रहा है। दौरान चकबन्दी सर्वे रेल विभाग के अधिकारियों द्वारा आजादी के महज सात साल बाद वर्ष 1954 का हस्तलेखीय नक्शा लेकर चकबन्दी प्राधिकारियों के साथ रेलवे की जमीनों की शिनाख्त करायी जा रही है, जो राजस्व विभाग के वर्तमान अभिलेखों के बिल्कुल भिन्न है। स्थिति यह है

कि हम ग्रामीणों के पुश्तैनी जमीनों, जिसमें प्रार्थीगण की कई पीढ़ियों से खेती-बारी होती चली आ रही हैं, उन्हें भी रेलवे विभाग द्वारा अपनी जमीन के रूप में शिनाख्त किया जा रहा है। इसका विरोध करने पर रेलवे विभाग के अधिकारी मय फोर्स द्वारा हम किसानों को धमकी आदि दी जा रही है और जबरिया हम किसानों की जमीन को बलपूर्वक अपना बताते हुए घेरा जा रहा है। इतना ही नहीं रेलवे विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण जल्दबाजी में सम्बन्धित जमीन में पक्का निर्माण करने हेतु दिन-रात जे0सी0बी0 से कहीं गड्ढा खोदा जा रहा है, तो कहीं पक्की बाउण्ड्रीवाल बनाने के लिए निर्माण सामग्री गिरायी जा रही है।

जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन कर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

जार्ज फर्नांडिस थे स्वदेशी के पक्षधर : हसनैन अंसारी

भदोही। नगर के चौरी रोड स्थित हिंद मजदूर किसान पंचायत के प्रांतीय कैंप कार्यालय में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री, मजदूरों के नेता व प्रखर समाजवादी नेता स्व.जार्ज फर्नांडिस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जुटे मजदूर नेताओं व मजदूरों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनको याद किया। इस दौरान हिमकिप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो.हसनैन अंसारी ने कहा कि स्व.जार्ज फर्नांडिस ने अपने कैरियर की शुरुआत पत्रकारिता से की। उसके बाद वे मजदूर नेता बनकर उभरे। उन्हे देश का सबसे ताकतवर मजदूर नेताओं में से एक माना जाता था। उनकी एक आवाज पर करोड़ों की आबादी वाली मुंबई की गतिविधियां सुन्न हो जाया करती थी। उन्होंने कहा कि जार्ज फर्नांडिस लोकतंत्र, मानवाधिकारी, स्वदेशी के पक्ष में और उपनिवेशवाद, गैर बराबरी, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, शोषण तथा अन्यान्य के विरुद्ध थे। साल 1974 की ऐतिहासिक रेल हड़ताल ने

उनको विश्व स्तर के मजदूर नेता के रूप में स्थापित किया। श्री अंसारी ने कहा कि आपातकाल में सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए गिरफ्तारी संघर्ष किए। आपातकाल के दौरान राजद्रोह का केस दर्ज हुआ। 1977 का चुनाव मुजफ्फरपुर से जेल से ही लड़कर जार्ज फर्नांडिस ने जीत हासिल की थी। उनके संघर्ष और बहादुरी के चलते आपातकाल के संदर्भ में जेपी के बाद लोग जार्ज फर्नांडिस को ही याद करते हैं।कार्यक्रम में मौजूद सभी मजदूर नेताओं और मजदूरों ने स्व.जार्ज फर्नांडिस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादी नेता जमील अहमद सटरु, सनाउल्लाह शाह, वामिक बेग, जावेद सिद्दिकी, बदरे आलम, हाफिज इरफान चिश्ती, हाफिज कुर्बान, मो.हसन, अजहर अली, शाहिद हुसैन, नौशाद हुसैन, राजू गौरी, अतहर अली, इमरान अंसारी व शहरयार अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

हादसे में जख्मी युवक की मौत, दो घायल

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के बीडर गाँव के ज्ञानदीप स्कूल के पास मंगलवार की सुबह तीन युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिला मुख्यालय के लिए निकले दुद्धी तहसीलदार अंजनी कुमार गुप्ता की नजर जैसे ही सड़क पर तड़प रहे युवकों पर पड़ी तो उन्होंने गाड़ी रोककर तत्काल मदद में जुट गए और लेखपाल अरुण कन्नौजिया सहित अन्य की मदद से गंभीर रूप से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवाया।जहाँ डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त उसके जेब में मिले आधार कार्ड के अनुसार हरिकिशुन पुत्र रामबृक्ष उम्र करीब 24 वर्ष निवासी नगवा, दुद्धी के रूप में हुई। जबकि दो अन्य गंभीर युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

घटना की सूचना अस्पताल मेमो के जरिए कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव के पंचनामे के बाद पोस्ट मॉर्टम हेतु भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हथवानी गाँव से शादी समारोह में शामिल होकर नगवा गाँव निवासी तीन लोग बाइक से अपने गाँव लौट रहे थे कि दुद्धी की तरफ से जा रही ट्रक नई चेचिस गाड़ी से बीडर में भीड़ गई। बाइक और नई चेचिस वाहन की भिड़ंत इतनी तेज थी कि अपाची गाड़ी चालक और सवार गंभीर रूप से घायल हो गए तथा अपाची वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय युवक चंदन ने घटना की सूचना तुरंत आसपास के लोगों को दी और घायलों की बचाव में जुट गए। उधर घटना के बाद भाग रहे नई चेचिस वाहन को लोगों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।

संविधान सिर्फ़ किताब नहीं, ये हमारी आवाज़, पहचान : देवेन्द्र प्रताप सिंह

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर घोरावल विधानसभा के कुशहरा मे संविधान बचाओ सम्मेलन जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे यूपी कांग्रेस के पूर्व महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा की जब से बीजेपी प्रदेश और देश मे बीजेपी की सरकार बनी है संविधान खतरे मे है स सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर सरकार आमजन की आवाज को कुचल रही है। पूर्व प्रदेश सचिव करमचंद बिंद और को-आर्डिनेटर विधि सिंह ने कहा की बीजेपी सरकार विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सोनिया गाँधी पर ईडी, सीबीआई और तमाम झूठे मुकदमों मे फंसाकर उनकी आवाज दबाना चाह रही है, लेकिन हमारे नेता राहुल गाँधी डरने वाले नहीं है, राहुल गाँधी आम जनता के समस्याओं को लेकर बीजेपी से सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा बीजेपी सरकार दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार चरम है, बीजेपी सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओ की आवाज को दबाना चाह रही है। सेवा दल के जिला अध्यक्ष कौशलेश पाठक ने कहा कि बीजेपी सरकार बौखलाहट में आकर जनता पर बुलडोजर का भय दिखाकर उनके साथ अन्याय कर रही है। महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा की बीजेपी सरकार मे महिलाएं सुरक्षित नहीं है, महिलाओं पर अपराध लगातार बढ़ रहे है, बीजेपी सरकार मे महिलाओ पर अपराध रोकने मे फेल साबित हुई है।

को-आर्डिनेटर आधार जोसेफ ने कहा की संविधान सिर्फ़ किताब नहीं, ये हमारी आवाज़, हमारी पहचान, हमारी सुरक्षा और हमारा सम्मान है! इसे बचाया नहीं तो ना लोकतंत्र बचेगा, ना हक़, ना इंसाफ़! इसलिए संविधान बचाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर संघर्ष करे। कमलेश ओझा और जितेंद्र पासवान ने सरकार सरकार पर जमकर हमला बोला। उक्त मौके पर राजीव त्रिपाठी, राजबाली पांडे, शत्रुंजय मिश्रा, आशुतोष दुबे, बृजेश तिवारी, बाबूलाल पनिका, शशिकांत उपाध्याय, दयाशंकर पांडे, राहुल पटेल, सिराज हुसैन, पंकज मिश्रा, काशी बियार, मोहन बियार, निगम मिश्रा, अनिल सिंह, अमरेश देव पांडे, स्वतंत्र साहनी, शीतला पटेल, लल्लू राम पांडे, अंशु मददेशीया, सूरज बर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राबर्ट्सगंज में अर्बन हेल्थ सेंटर को 24 घंटे संचालित करने की मांग

सोनभद्र। जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए भाजपा नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। रॉबर्ट्सगंज, जहां दो लाख से अधिक आबादी निवास करती है में वर्तमान में कोई सरकारी अस्पताल नहीं है। इस कारण स्थानीय लोग निजी अस्पतालों पर निर्भर हैं, जहां उच्च लागत और अप्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की लापरवाही से आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान हो रहा है। विनय श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में रॉबर्ट्सगंज के अर्बन हेल्थ सेंटर को 24 घंटे संचालित करने और इसमें कम से कम 10 बेड की व्यवस्था करने की मांग की थी। इस पत्र के जवाब में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को सूचित किया है कि शासन से वित्तीय सहायता और स्टाफ उपलब्ध होने पर अर्बन हेल्थ सेंटर को 24 घंटे संचालित किया जा सकता है।

श्रम विभाग के चर्चित 1072 आवेदनों की जांच आखिरकार कब तक?

मीरजापुर। जिले के श्रम विभाग में लगातार भ्रष्टाचार, गड़बड़झाले की शिकायतों में एक कड़ी और जुड़ गई है जिसमें कब कार्रवाई होगी इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म बना हुआ है वह

जांच और कार्यवाही में लापरवाही बरतने का आरोप

इसलिए की संबंधित अधिकारी जिसकी गर्दन इस मामले में फस्ती नजर आ रही है वह अब मिर्जापुर से रुखसत करने वाले हैं। ऐसे में चर्चित आवेदन 1072 मामले की जांच को लेकर प्रश्नवाचक चिन्ह उठना लाजिमी है। बताते चलें कि श्रम विभाग में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, अधिकारी कंबल ओढ़ कर घी पी रहे हैं। हद की बात तो यह है कि जवाब देही से बचने के लिए शिकायत तो दूर है जांच कर कार्रवाई के बजाय मामले को दबाए जाने का कुचक्र रचा जाता रहा है। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला

किया गया है यह जांच रिपोर्ट आने पर स्पष्ट हो जाएगा। उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, वाराणसी क्षेत्र वाराणसी के पत्र संख्या 4962 /मई 30, 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सहायक श्रमायुक्त मिर्जापुर सुविज्ञ सिंह द्वारा जांच मामले में जान बूझकर स्थिलता बरती जा रही है।

1072 आवेदनों के शिकायतकर्ता जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं वर्तमान में माकू यूनियन महामंत्री मंगल तिवारी हैं, जिन्होंने तमाम आरटीआई के बाद 14 जून 2024 को जिलाधिकारी मिर्जापुर, आयुक्त विंध्याचल मंडल सहित शासन व यूपीबीओसी बोर्ड लखनऊ को शपथ पत्र के साथ इन आवेदनों में लगे दस्तावेजों की जांच किए जाने तथा जांचोंपरांत जांच अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। आरोप लगाया था कि इन आवेदनों में अधिकतर में कूट रचित जन्म प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर नकल इत्यादि का प्रयोग कर गलत तरीके से शिशु हित लाभ योजना का बंदरबांट किया गया है जिसके जांच करता अधिकारी कौशलेंद्र कुमार सिंह, निमेष कुमार पांडे व अन्य है तथा उनकी भूमिका संदिग्ध है। शिकायतकर्ता मंगल तिवारी के पत्र का संज्ञान लेते हुए बोर्ड के निर्देश पर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा उप श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश, वाराणसी क्षेत्र वाराणसी धर्मेंद्र कुमार सिंह को पत्र संख्या 4464- 67 सन् 2024 पर जांच अधिकारी नामित किया है जिनमें तीन सदस्य होने का दावा किया गया है वहीं इसी 1072 मामले की दूसरी बार जांच के दौरान डी के सिंह की अध्यक्षता में वाराणसी, जौनपुर और भदोही की कुल 9 सदस्यीय टीम ने बिना कार्यालय आए बाहर ही बाहर जांच की कार्यवाही को अंजाम दिया, जबकि डीके सिंह द्वारा जारी अपने आदेश पत्र संख्या 3341-44/2025 में इस बात का जिक्र था कि सभी जांच टीम समिति को 10 अप्रैल 2025 को कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त मिर्जापुर अपराह्न 4 बजे तक पहुंचना था। चर्चित आवेदन 1072 का मामला इस समय लोहे के चना चबाने जैसा है फिर भी जांच अधिकारी अपना खेल, खेल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इसके पूर्व 9 मई को भी टीम हिंडालको गेस्ट हाउस पर ठहर कर जांच कार्यवाही को अंजाम दिया था। पूरे प्रकरण में लीपापोती का अंदेशा साफ है, शिकायतकर्ता ने जिन 1- 8 बिंदुओं को दर्शाते हुए जांच की मांग की और साथ में 55 ऐसे आवेदनों का कूट रचित दस्तावेज साक्ष्य संलग्न कर अपने समक्ष जांच की मांग की थी शायद जांच अधिकारी व टीम ने इससे इतर जांच की बावजूद इसके सूत्र बताते हैं कि बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है जिसे मिर्जापुर टीम सुधारने में लगी है।

बताते चले कि इन आवेदनों की जांचकर्ता अधिकारी वही हैं जिनकी एक पूर्व जांच गोपालपुर मामले में महिला शिकायतकर्ता ने जांच के दौरान इनकी भूमिका पर सवालिया निशान उठाते हुए जांच के दौरान आरोपी अधिकारी को बचाने और शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सहित श्रमायुक्त उ प्र को शपथ पत्र भेजा था। आश्चर्य की बात यह है कि इस जांच के दौरान फर्जी होने के तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं।

अपने कोई ईमानदार साबित करने वाले सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह ने 1072 से जुड़े किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारियों को अब तक नोटिस जारी नहीं किया है बल्कि खानापूर्ति करने के लिए चुपचाप कुछ लोगों को पत्र संख्या 544 आदि पर लाल बबुन्दर पुत्र विजय बहादुर निवासी रामपुर कुशहॉ, छानबे, रामजी पुत्र राम सत्य बदेवरानाथ, गुंजा देवी पत्नी रामजी, शैलेन्द्र कुमार पुत्र राम प्यारे, ज्ञान चन्द पुत्र बाबूलाल, अंजनी कुमार पुत्र परमानन्द जगदीश मौर्या इत्यादि को वसूली नोटिस भेजकर खानापूर्ति की जा रही है। और कुछ को बचाने तो कुछ को वसूली का नोटिस भी जारी किया गया है।

16 वर्षीय किशोर की अचानक बिगड़ी तबीयत, उपचार के दौरान मौत

परिजन ने लू लगने की जताई आशंका

तरूणमित्र न्यूज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मुड़ेल गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर की सोमवार को ननिहाल पहुंचने पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में किशोर को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां देर रात मंडलीय चिकित्सालय में किशोर की मौत हो गई।मुड़ेल गांव निवासी स्वर्गीय मैकू का 16 वर्षीय पुत्र अमरेश कुमार सोमवार दोपहर बाइक से अपने ननिहाल प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव के लिए निकला था। जैसे ही दोपहर में अपने ननिहाल पहुंचा तो कुछ देर बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई और नाक से खून निकलने लगा। किशोर को उपचार हेतु कोरांव ले गए जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे किशोर के परिजन देर शाम किशोर को कोरांव से लेकर मंडलीय चिकित्सालय पहुंचे। उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान रात में किशोर की मौत हो गई। परिजन ने लू लगने की आशंका जताई है।

मृतक के चचेरे भाई राकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मृत किशोर के परिजनों की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो की मौत, एक गंभीर

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना मोड़ पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रेलर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान अमला यादव (55 वर्ष) और मोहित यादव (22 वर्ष), पुत्र स्व. शंकर यादव, के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम रेहान अंसारी (19 वर्ष) है। तीनों युवक सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के काजी बाजार पतहना गांव के निवासी थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आठ जून को अमला यादव की भतीजी की शादी प्रस्तावित थी। उसी सिलसिले में तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर कोठवार बाजार शादी का सामान लेने जा रहे थे। जैसे ही वे पतहना मोड़ के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि अमला यादव और मोहित यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रेहान गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टरों ने अमला यादव और मोहित यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि रेहान का इलाज अस्पताल में जारी है। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रेलर को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार ट्रेलर चालक की तलाश कर रही है।

दिव्यांगों को वितरित की जाएगी ट्राई सायकिल

तरुणमित्र न्यूज

जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिन पर राजपूत सेवा समिति द्वारा वृक्षारोपण व दिव्यांगों में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पांच जून को प्रातः 7:30 बजे तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज परिसर के तालाब के चारों तरफ लगभग 200 फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा उसके बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 53 दिव्यांगों में ट्राई सायकिल का वितरण किया जाएगा ज्ञातव्य है कि राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया गया था।

पीड़ित फरियादियों के साथ बेहतर सलूक करें पुलिस कर्मी : डा. कौस्तुभ

ब्यूरो चीफ की खास रिपोर्ट

जौनपुर। फरियाद लेकर थाना पुलिस चौकी पर आने वाले पीड़ित लोगों से पुलिसकर्मी थानेदार कोतवाल शिष्ट भाषा का प्रयोग कर सहयोगात्मक रवैया अपनाये एवं निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद करें तभी पुलिस का विश्वास आम जनमानस में कायम रह सकता है।

पुलिस अधीक्षक

जनपद के पुलिस विभाग के प्रमुख डा. कौस्तुभ का मानना है कि उज्जवल विचारशीलता और सहयोगात्मक रवैया अपनाने से पीड़ित व्यक्ति काम हो जाने की दशा में अपने घर खुशी-खुशी लौटता है। यह पुलिस की सफलता का सार्थक परिणाम आम जन मानस में व्यापक रूप से चर्चित हो तभी न्याय निष्ठा और सद्भावना समाज में परिलक्षित होती नजर आयेगी। प्रायः ऐसा देखा गया है कि पीड़ित व्यक्ति वर्दी के खौफ से थाना चौकी पर डरा-सहमा पहुंचता है तो वहां मौजूद पुलिस के जिम्मेदारों द्वारा रौब बघार कर धमकाऊ तरीके से अमर्यादित आचरण करते हुए उसे भाषायी यातनाओं से नवाजा जाना कदाचित उचित नहीं इसपर वर्तमान कप्तान साहब का बेहद गंभीर चिंतन है। मैंने शिष्टाचार मुलाकात में भी पुलिस निरीक्षकों जैसे मर्यादित पद की गरिमा को तार-तार करने वाले तमाम लोगों को नंगी आंखों से देखा है। पुलिसिया रौब बोलने के अन्दाज अक्सर वर्दी के रौब में विभाग पर सवालिया निशान खड़े कर देते हैं बाद में ऐसे कृत्यों की भर्त्सना हो इससे बचने का प्रयास होना चाहिए। डा. कौस्तुभ ने जनपद की कमान संभालने के बाद तमाम उतार चढ़ाव देखा और उसपर प्रभावी नियंत्रण करते हुए तमाम थानेदारों को चुस्त-दुरुस्त रहने की कड़ी हिदायत भी देते रहे हैं।

बावजूद इसके किसी की लापरवाही उजागर हुई तो दण्ड देने की बेबाक परम्परा के निर्वहन में संशय की गुंजाइश नहीं होती। जनपद में पिछले एक पखवाड़े में तमाम तरह के अपराध बढ़े लेकिन उसपर प्रभावी लगाम लगाकर घटना का अनावरण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने जनपद वासियों को बेहतर संदेश देने का गंभीरता से उपक्रम किया जिसकी चर्चा नगर के हर चट्टी चौराहों पर होती नजर आ रही है।

आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं का जिम्मेदार कौन

चंदवक। मंगलवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के गोनौल ग्राम के पास दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइट व चार पहिया को हुआ नुकसान बाल बाल बचे चालक। घटना करीब डेढ़ बजे की है।

प्रिंस सोनकर पुत्र मुन्ना सुनकर ग्राम बड़हलगंज पटना चौराहा के निवासी वाराणसी से अपनी कार यूपी से अपने घर बड़हलगंज जा रहे थे। ग्राम, गनौली के पास सामने से आ रही मोटरसायकिल ने आकर मेरी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार व उसकी मोटरसाइकिल दोनों ही क्षतिग्रस्त हो गई, संयोग ही था कि कोई घायल नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने करवा मोटरसायकिल दोनों को अपडेट कब्जे में ले लिया जहां मोटरसायकिल सवार फरार बताया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना इसी गांव के पास करीब आधा घंटा पहले 1:00 बजे के आसपास हुई जिसमें मोटरसाइकिल वाला आजमगढ़ की तरफ जा रहा था। आजमगढ़ की तरफ से आ रही चार पहिया वाहन से टकरा गया जिससे मोटरसायकिल सवार को मामूली चोटे आई यह संयोग ही था की बड़ी दुर्घटना घटित होने से बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों को अपनी कब्जे में ले लिया है। सड़क दुर्घटनाओं की बात की जाए तो। 10 अप्रैल को कर्रा कॉलेज के पास बाइक सवार संजय गिरी तरवां आजमगढ़, गंभीर रूप से घायल हो गया।

20 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में 70 वर्षीय कुंती देवी पत्नी स्वर्गीय मिठाई राम का ग्राम रसड़ा की मौत, 24 अप्रैल को रामदेवपुर निवासी रतन पुत्र ननकू गंभीर रूप से घायल हो गए। चंदवक गाजीपुर रोड पर सीएनजी की गाड़ी से शैलेंद्र विश्वकर्मा हुआ उसकी मौसी शीला की मौत, वाराणसी रोड पर चंदवक बाजार निवासी राजेंद्र सोनकर पुत्र हरी सोनकर की मौत और आज दो सड़क दुर्घटनाओं में एक घायल तथा गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त अब प्रश्न उठता है, है कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं का आखिर जिम्मेदार कौन है।

पुरानी रंजिश में महिला को पीटा, हालत गंभीर

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज मुरारपुर गांव में रविवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर कुछ मनबढ़ युवकों ने एक महिला को बेरहमी से पीट दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता का इलाज शहर के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पीड़िता के भाई सूरज कुमार चौहान, निवासी मकरा गांव, ने जलालपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि वह हौज मुरारपुर गांव में अपने जीजा प्रदीप के यहां रह रहा है। आरोप है कि गांव के ही राजकुमार, जितेन्द्र, भानु और विकास ने उसकी बहन अनारा देवी पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर उसे अधमरा कर दिया। थानाध्यक्ष जलालपुर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मौसम में हुआ उतार-चढ़ाव, मिली हल्की राहत

जौनपुर। जनपद के जिला मुख्यालय सहित ग्रामांचलों के कुछ क्षेत्रों में मौसम का काफी बदलाव नजर आया जो लोगों के लिये परेशानी का सबब बना। कभी उमस भरी गर्मी तो कभी बादलों के आवाजाही से छिटपुट बारिश तो हुई लेकिन संतोषजनक राहत नहीं मिल सकी। बल्कि ऐसे परिवर्तित मौसम से लोगों में बीमारी होने की आशंका ज्यादा हो गयी। कुछ स्थानों पर बारिश होने से उमस में वृद्धि भी हो गयी जिसके चलते जहां आम जनजीवन काफी बदहाल नजर आया, वहीं दिन भर मौसम में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। बीते दिनों की बात करें तो तापमान में काफी वृद्धि देखी गयी। दिन में तेज धूप के साथ गर्म हवा व शाम को बादलों के अचानक आ जाने से मौसम दिक्कत तलब साबित हुई। वहीं दूसरी ओर अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। ऐसे में लगातार बदलते मौसम में लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

मुरली वाले हौसला को कोबरा ने डंसा

जौनपुर। जनपद में सांपों के रेस्क्यू के लिए मशहूर मुरली वाले हौसला मंगलवार स्वयं मामूली सी चूक के चलते कोबरा बाइट के शिकार हो गये। वह जाल में फंसे एक कोबरा को रेस्क्यू कर रहे थे। इस बीच पहले से ही बेहद दुलर्ट कोबरा ने झटके में उन्हें डंस लिया। इससे पूर्व भी दो बार उन्हें सांप डंस चुका है लेकिन इस बार की बाइट काफी खतरनाक रही। उन्होंने सांप को तत्काल रेस्क्यू करके हास्पिटल जाना चाहा लेकिन उनकी फोर व्हीलर स्टार्ट नहीं हो रही थी उनके सहयोगी बिना समय गवायें उन्हें बाइक से ही लेकर जलालपुर से जौनपुर के निजी चिकित्सालय में मात्र 35 से 40 मिनट के अंदर पहुंच गये। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते वह बेहोशी की हालत में पहुंच गए थे। जहां वरिष्ठ चिकित्सक वी एस उपाध्याय ने बताया की उन्हें 10 स्नैक एंटी वेनम इंजेक्शन लगाने के बाद अब हालत स्थिर हैं। फालो अप के लिए उन्हें 24 घंटे तक अस्पताल में और रखा जायेगा। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि अगर सर्प काटता है तो बिना समय गवायें अस्पताल लेकर आयें। झाड़ फूंक के चक्कर में समय बर्बाद करने से हालात और खराब हो जाते हैं। समय रहते इलाज बहुत जरूरी है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के पिपरौल गांव के पास ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय पिपरौल गांव निवासी अभय मिश्रा (22) पुत्र धीरज मिश्रा घर से सामान लेने के लिए बाजार जा रहे थे। बताया जाता है कि घर से महज 500 मीटर दूर जैसे हीं वे लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर पहुंचे सामने से आ रही ट्रेलर की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे परिवार वाले आनन-फानन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर ले गये जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते हीं प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह मौके पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में ले लिये जबकि मौका पाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गयां इधर युवक के मौत की खबर मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर पर आरोपित चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

आवासों पर चस्पा करवायी गयी नोटिस

जौनपुर। सरकारी आवास को खाली न करने पर खण्ड विकास अधिकारी खुटहन गम्भीर हो गये है। जिन्होंने अपनी देख-रेख में ऐसे दो लोगों के सरकारी आवास पर नोटिस चस्पा करवा दिया जो बार-बार कहने के बावजूद भी आवास नहीं खाली करके अवैध कब्जा किये हुये हैं। यह मामला विकास खण्ड खुटहन है जहां के खण्ड विकास अधिकारी गौरवेन्द्र सिंह ने बताया कि विकास खण्ड परिसर में स्थित सरकारी आवास पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। अवैध अतिक्रमण के बाबत सरकारी आवास को खाली करने के लिये पूर्व में कई बार कहा जा चुका है लेकिन आरोपी विनोद यादव एवं सुबाष यादव द्वारा सरकारी आवास को खाली नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर गम्भीर जिला प्रशासन के आदेश पर श्री सिंह ने मंगलवार को उपरोक्त आवासों पर नोटिस चस्पा करवा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तीन जून को सायं तक सरकारी आवास खाली नहीं किया गया तो विधिक कार्यवाही की जायेगी जिसकी सारी जिम्मेदारी विनोद यादव एवं सुबाष यादव की होगी।

घटिया निर्माण कार्य को लेकर आप ने किया विरोध-प्रदर्शन

जौनपुर। अमृत योजना (अमृत योजना) के अंतर्गत जौनपुर शहर में बन रही सड़कों की गिरती गुणवत्ता को लेकर आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप लगाए हैं। बारिश से पहले ही सड़कें धंसने लगीं पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि शहर में कई स्थानों पर अभी बारिश शुरू भी नहीं हुई, लेकिन सड़कें पहले ही धंसने लगी हैं। विशेषकर एक प्रमुख सड़क के धंसने के बाद आप कार्यकर्ताओं ने उसी स्थान पर इकट्ठा होकर विरोध दर्ज कराया।

पूर्वांचल प्रभारी डा. अनुराग मिश्र ने कहा यह शर्मनाक है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद सड़कें इतनी जल्दी खराब हो रही हैं। यह सीधे-सीधे भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण सामग्री का मामला है। सड़क नहीं, लीपापोती है। पार्टी के जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने योजना पर सवाल उठाते हुए कहा, अमृत योजना अब जनपद के लिए विष योजना बन चुकी है। गलियों और मुख्य सड़कों को खोद कर बर्बाद कर दिया गया है।

ऊपर से सिर्फ लीपापोती की गई है। उन्होंने बताया कि सीवर लाइनें इतनी पतली डाली गई हैं, कि उनसे गलियों का पानी भी नहीं गुजर सकता, मुख्य सड़कों की जल निकासी की बात तो दूर की है। नारे और विरोध के स्वर प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने सरकार और नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अमृत योजना-भ्रष्टाचार की भेंट, घटिया सड़क, जनता परेशान, जवाब दो सरकार जैसे नारों से विरोध स्थल गूंज उठा। डा. मिश्र ने यह भी कहा कि पार्टी राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेगी और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। स्थानीय लोग भी परेशान विरोध स्थल पर मौजूद एक स्थानीय निवासी ने बताया हर दिन हमें इन गड्ढों और धंसी हुई सड़कों से जूझना पड़ता है। बरसात में हालत और बदतर हो जाएगी। प्रशासन को समय रहते चेत जाना चाहिए।

प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी, बंटी अग्रहरि, राजकुमार कन्नौजिया, लाले बिंद, मोहम्मद इस्लाम आदि प्रमुख कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक प्रदर्शन में शामिल रहे। अमृत योजना शहरी बुनियादी ढांचे को सुधारने की एक राष्ट्रीय योजना है, लेकिन जौनपुर में इसकी हालत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या सरकार अब जवाब देगी।

विशाल भण्डारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

जौनपुर। मंगलवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव द्वारा ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के अवसर पर कोतवाली चौराहे पर स्थित पवनपुत्र हनुमान जी महाराज के मन्दिर में प्रख्यात कर्मकांड विद्वान पंडित रजनीकांत द्विवेदी द्वारा मंत्रोच्चारण कर भगवान का पूजन पाठ किया गया। तत्पश्चात सुन्दर कांड पाठ डोल, मजीरा के साथ शुभारंभ किया गया। राज्यमंत्री के साथ संतोष त्रिपाठी, डा. सरला त्रिपाठी, अध्यक्ष मनोरमा मौर्या व भाजपा कार्यकर्ता गण साथ में सुन्दर कांड का पाठ किया। सुन्दर कांड पाठ समापन के बाद भगवान की आरती की गई। तत्पश्चात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव द्वारा भंडारे में बने प्रसाद का भोग भगवान को लगा कर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राज्यमंत्री स्वयं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिल प्रसाद वितरण किया।

कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित पूजा में भाग लेते राज्यमंत्री गिरीश यादव समेत अन्य।

इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र सभी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे और आप जनमानस को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बांकेलाल सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, श्याममोहन अग्रवाल, रामसूरत मौर्य, संतोष त्रिपाठी, अजय सिंह, राजकेसर पाल, मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, नंदलाल यादव, आशीष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, सारिका सोनी, अजय यादव, सुनील यादव मम्मन, प्रशांत सिंह दीपक, उपेंद्र मिश्रा, धर्मपाल कन्नौजिया, डा. ब्रह्मेश शुक्ला, कमलेश निषाद, संतोष मौर्य, त्रिभुवन गुप्ता, बसन्त प्रजापति, धर्मेन्द्र मौर्य, जितेंद्र सिंह व सचिन पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

मां-बेटों ने मिलकर की थी रिटायर्ड अधिकारी की हत्या

जौनपुर। इस वक्त एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है- जहां उधार के पैसों को लेकर हुआ मामूली विवाद, एक खौफनाक कत्ल में तब्दील हो गया। और हैरान करने वाली बात ये है कि इस हत्या को अंजाम दिया एक महिला ने अपने ही बेटों के साथ मिलकर। लेकिन जौनपुर पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा 30 घंटे में कर दिया और हत्या के तीनों आरोपी- मां और दो बेटे- सलाखों के पीछे पहुंचा दिए गए हैं। यह कहानी है लालच, धोखे और हत्या की।

पुलिस हिरासत में हत्या करने वाले आरोपित।

31 मई-रात के अंधेरे में जौनपुर शहर की सड़कों पर दौड़ रही थी एक स्कूटी लेकिन उस पर एक ज़िंदा नहीं था बल्कि एक शव था। जो एक जून की सुबह रेड चिल्ली रेस्टोरेंट के पास नाले के किनारे मिला एक अधेड़ उम्र के शख्स का शव। नाम था रामकृपाल यादव। रामकृपाल रिटायर्ड युवा कल्याण अधिकारी थे। शुरू में किसी को अंदाजा नहीं था कि यह एक प्लान की गई हत्या है। लेकिन जब बेटे अवनीश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, तो पुलिस की नींद उड़ गई। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, राज़ परत दर परत खुलते चले गए। आरोपी निकली-रामकृपाल की जानने वाली एक महिला-लक्ष्मी। और हत्या में उसके दो बेटे-सोनू और सुनील भी शामिल थे। लक्ष्मी ने बताया कि उसका पति दिव्यांग हो चुका था, और वो जौनपुर शहर में आकर घर चलाने के लिए संघर्ष कर रही थी। इसी दौरान रामकृपाल से जान-पहचान हुई, और फिर उधारी का लेन-देन। लेकिन जब रामकृपाल अपना पैसा मांगने आया, तो बहस ने ले ली खौफनाक शक्ल। लक्ष्मी और उसके बेटों ने मिलकर रामकृपाल की हत्या कर दी। और शव को स्कूटी पर लादकर जेसीज चौराहे के पास नाले में फेंक दिया।

तीन जून को, एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने कलीचाबाद तिराहा से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया-जब वे गांव के रास्ते सूरत भागने की फिराक में थे। वह स्कूटी बरामद हुई जिससे शव को ढोया गया गई है। थाना लाइन बाजार प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह और उनकी टीम ने इस मामले को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।

पिकअप की चपेट में आने पति की मौत, पत्नी जख्मी

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर गांव के पास हाईवे पर पिकअप की चपेट में आकर पति की मौत हो गई। जबकि पत्नी मामूली रूप से जख्मी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज उचवा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र शंभू नाथ मंगलवार दोपहर बाइक से पत्नी और बच्चों के साथ कहीं जा रहे थे इसी दौरान बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखन गांव के पास हाईवे पर पिकअप गाड़ी की चपेट में आकर पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल लेकर आते समय पति सुरेंद्र कुमार की मौत हो गई। जबकि पत्नी को मामूली चोटे आई बच्चे पूरी तरह सुरक्षित है। अस्पताल से उपचार करने के पश्चात पत्नी को जाने दिया गया। परिजन को जैसे ही यह खबर मिली एक कोहराम बरपा हो गया।

ओलंदगंज कचहरी मुख्य मार्ग पर फिर हुआ होल

जौनपुर। नगर के ओलंदगंज कचहरी मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह अचानक एक गहरा होल (गड्ढा) बन गया। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। इस होल के कारण वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय जब लोग अपने रोज़मर्रा के कामों के लिए घरों से बाहर निकल रहे थे, तभी अचानक यह होल देखा गया, वाहन चालकों को इसकी वजह से तेजी से ब्रेक लगाने पड़े, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रही। हालांकि, समय रहते स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने इस होल के बारे में अधिकारियों को सूचना दी, और प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक को डायवर्ट किया।

जनता की जागरूकता से हुई कार्रवाई : रमेश मिश्रा

जौनपुर। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में बने बेसार संपर्क मार्ग तथा नेवादा मुखलिसपुर सराय त्रिलोकी नहर संपर्क मार्ग की खराब गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर अब कार्रवाई शुरू हो गई है। विधायक रमेश मिश्रा ने बताया कि दोनों मार्गों का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन तरीके से संबंधित ठेकेदार द्वारा कराया गया था, जिसकी जानकारी क्षेत्रीय जनता और जागरूक नागरिकों द्वारा हमें दी गई। उन्होंने कहा कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर दोनों सड़कों की जांच कराने की मांग की थी। जांच में निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब पाई गई, जिसके आधार पर शासन द्वारा संबंधित ठेकेदार को मरम्मत व पैचिंग का निर्देश दिया गया है।

विधायक मिश्रा ने कहा कि बदलापुर की देवतुल्य जनता की सजगता और सहभागिता से ही यह संभव हो पाया है कि अब वही मार्ग फिर से ठीक कराए जा रहे हैं। भाजपा सरकार में विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बेसार संपर्क मार्ग, जो 15 वर्षों से जर्जर स्थिति में था, उसका निर्माण भाजपा सरकार में संभव हुआ है, और अब उसकी मरम्मत भी सुनिश्चित कराई जा रही है।

फोन पर बात कर रहे युवक को ट्रेलर ने मारी टक्कर, घायल

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के राजेपुर-कचगांव मुख्य मार्ग पर बीती रात एक ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित युवक की पहचान सोहित सोनकर निवासी राजेपुर कचगांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोहित अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था, तभी जोगीबीर बाबा स्थान के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सोहित के सिर में गंभीर चोट आई। घटना की सूचना पर परिजन ने उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के भाई डबलू सोनकर ने जफराबाद थाने में तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित ट्रेलर की पहचान कर ली गई है और वाहन संख्या के आधार पर केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व सांसद ने किया सड़क का उद्घाटन

जौनपुर। विकास खण्ड मछलीशहर के टिकरा गांव में जिला पंचायत के तरफ से बनी सड़क का उद्घाटन पूर्व सांसद धनन्जय सिंह ने एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू के साथ किया। पूर्व सांसद ने उचौरा-गरियांव मार्ग से किसान इण्टर कालेज होते हुवे भटेवरा मार्ग के उद्घाटन के साथ बचे 400 मीटर मार्ग को सीसी मार्ग कराने का आश्वासन दिया।

कहा कि इस सड़क के बन जाने से आसपास के गांव के लोगों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को भी काफी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सांसद व एमएलसी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क से ग्रामीणों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं का आना जाना होता था। अब इस खड़ंजे को पक्की सड़क का निर्माण जिला पंचायत की ओर से करा दिया गया। इससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव को जोड़ने वाली सड़कों को भी आवश्यकतानुसार सीसी कराया जाएगा। इससे किसान इण्टर कालेज के प्रबन्धक श्याम बिहारी शुक्ला ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस सड़क को बनवाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनन्जय सिंह के प्रति आभार जताया। इस मौके पर डा. अर्चना शुक्ला, जनार्दन शुक्ला, राजीव सिंह, संतोष मिश्र, रमेश मिश्र, रमेश शुक्ला, कपिलदेव पाण्डेय, दिवाकर प्रसाद, राजेश यादव, दयाशंकर शुक्ल, संदीप शुक्ल प्रधान, प्रदीप शुक्ल, अमित सिंह चौहान, अरूणेश तिवारी, राकेश शुक्ल आदि मौजूद थे।

धनंजय सिंह का स्वागत करते आयोजक।

दूबेपुर में कई राउण्ड हुई फायरिंग, पुलिस ने दो को भेजा जेल

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के दुबेपुर बाजार में देर रात अराजक तत्वों ने एक पार्टी के दौरान खुलेआम अवैध असलहा से कई राउंड फायरिंग कर बाजार में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले आई जिसमें से दो लोगों का चालान न्यायालय में मंगलवार की सुबह अवैध तमंचा के साथ कर दिया है। फिलहाल बाजार में फायरिंग से दहशत का माहौल बना हुआ है। बाजारवासी अराजक तत्वों का नाम लेने से परहेज कर रहे हैं।

बताया जाता है कि रविवार की रात थाना क्षेत्र के दुबेपुर बाजार में एक मिष्ठान की दुकान पर अराजक तत्वों ने शराब पार्टी आयोजित किया। रविवार की करीब 11 बजे रात अराजक तत्वों ने पार्टी के बाद बाहर निकलकर सड़क पर कई राउंड फायर करते हुए जश्न मनाया। अवैध असलहा से फायर होते बाजार में दहशत का माहौल पैदा हो गया। इतनी रात को जो भी दुकान की शटर खुले हुए थे। अराजक तत्वों के भय से धड़ाधड़ बंद हो गये। किसी ने सूचना रामपुर थानाध्यक्ष देवानंद रजक को दे दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मिष्ठान भंडार के संचालक समेत अराजक तत्व दुकान बंद कर मौके से फरार हो गये जिसके कारण पुलिस हाथ मलती रह गई। सूत्र बताते हैं कि पुलिस रात में ही अराजक तत्वों को बाजारवासियों के बयान पर चिन्हित कर दबिश दी लेकिन अराजक तत्व पुलिस से बचते रहे। रामपुर पुलिस ने मंगलवार की सुबह 6:45 पर पचवल गांव में बाइक से जाते समय दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें सतीश यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम दुबेपुर एवं सेवा लाल उर्फ गुड्डू सरोज पुत्र शिवलोचन सरोज निवासी आशापुर थाना रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से जामा तलाशी के दौरान एक-एक अवैध तमंचा और 315 बोर का जिंदा कारतूस एवं एक बाइक बरामद हुआ। दोनों गिरफ्तार युवकों को कारण बताते हुए उनका चालान न्यायालय में कर दिया है जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने मिष्ठान भंडार के संचालक समेत चार लोगों को सोमवार को दुबेपुर बाजार से ही गिरफ्तार किया था लेकिन दो लोगों को चालान किया गया। दो लोगों पर मेहरबानी दिखाते हुए मिष्ठान भंडार के संचालक को उसी दिन छोड़ दिया गया और दूसरे को दूसरे दिन छोड़ दिया। इसके चलते दुबे पर बाजार में दहशत का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष देवानंद रजक ने कहा कि कोई फायर नहीं हुआ है और न ही ऐसी कोई सूचना है।

शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के करीमपुर गांव में एक नई शराब की दुकान खोले जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इसको लेकर मंगलवार को गांव के सैकड़ों की संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि वे अपने गांव में किसी भी कीमत पर शराब की दुकान नहीं खुलने देंगे। विरोध प्रदर्शन में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महिलाओं ने कहा कि शराब की वजह से गांव में घरेलू हिंसा, झगड़े और सामाजिक बुराइयां बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि गांव में पहले से ही युवा वर्ग नशे की ओर आकर्षित हो रहा है और यदि शराब की दुकान खुलती है तो स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी।। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस मामले को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपेंगे जिसमें स्पष्ट रूप से मांग की जाएगी कि करीमपुर गांव में शराब की दुकान खोलने की अनुमति तुरंत रद्द की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी बात नहीं मानी तो वे विरोध प्रदर्शन और व्यापक स्तर पर करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चन्द्र तिवारी, अवधेश दुबे, राजेश उपाध्याय, भीम सिंह, दिनेश सिंह, मनोज वर्मा, नर्सिंग गौतम, बृजेश सिंह, शकुन्तला देवी, रीता देवी, मुद्रिका देवी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

पुलिस ने बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में तीन जून को थाना खुटहन पुलिस द्वारा बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि 18 अप्रैल जून समय 09.30 बजे सुबह वादी की लड़की उपरोक्त घर से कही चले के सम्बन्ध में वादी के लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-117/25 धारा-137(2) बीएनएस थाना खुटहन बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना से अब तक की तमामी तफ्तीशी, बयान वादी मुकदमा, निरीक्षण घटनास्थल, अवलोकन हाईस्कूल अंकपत्र छायाप्रति व अवलोकन बयान पीड़िता अन्तर्गत धारा 180 व 183 बीएनएसएस व अन्य साक्ष्य संकलन से बाल अपचारी राजन यादव पुत्र नन्दलाल यादव ग्राम गढ़ासेनी पोस्ट नौपेड़वा थाना बक्सा द्वारा धारा 64/351(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट का अपराध होना पाया जा रहा है। अतः मुकदमा उपरोक्त में धारा 64/351(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी करते हुए अपचारी राजन यादव पुत्र नन्दलाल यादव ग्राम गढ़ासेनी पोस्ट नौपेड़वा थाना बक्सा का नाम प्रकाश में लाया गया।

टीडी कॉलेज कृषि संकाय के छात्रों का हुआ कैंपस चयन

कैंपस चयन में शामिल प्राचार्य समेत अन्य।

जौनपुर। टीडी कॉलेज के कृषि संकाय छात्रों का कैंपस चयन रामधारी क्राप साइंस के द्वारा साक्षात्कार के उपरांत एग्रोनॉमी ट्रेनिंग के पद पर हुआ । चयनित छात्रों में दीपक यादव, गौरव कुमार मौर्य, शुभम गौतम, भरत लाल पटेल, अरविंद चौहान, अर्पित मौर्य एवं समरपाल आदि प्रमुख थे। चयनित छात्रों को बधाई देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को अपने उच्चतर विकास हेतु निरन्तर परिश्रम और प्रयास करना आवश्यक है। महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है कि समय-समय पर यहां विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर होता रहा है। इस अवसर पर आईक्यूएसी के संयोजक प्रोफेसर सुदेश कुमार सिंह, शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर अजय कुमार दुबे, प्लेसमेंट सेल के सदस्य डा. शुभम सिंह आदि उपस्थित रहे।

तरुणमित्र

बुधवार, 04 जून 2025

संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 09

नई-नई गलती

पीएम नरेंद्र मोदी का इस साल कनाडा में होने वाले G 7 सम्मेलन में भाग नहीं लेना इस वैश्विक मंच के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, ग्लोबल ग्रोथ में उसकी एक भूमिका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों से उसे अमीर देशों के इस मंच पर जगह मिलती आई थी। भारत साल 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। फ्रांस से यह सिलसिला शुरू हुआ था, जो पिछले साल इटली तक जारी रहा। इटली में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सामाजिक असमानता को दूर करने और सभी के सहज उपलब्ध व सुरक्षित AI जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की थी। भारत इस मंच का इस्तेमाल शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित विकास का संदेश देने के लिए करता रहा है।

G 7, सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का समूह है, लेकिन जिस तरह से कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थकों ने इस बार अपना असर इस पर छोड़ा है, वह चिंता का सबब है। आयोजन की मेजबानी कनाडा के पास है, लेकिन अलगाववादियों ने वहां की नई सरकार पर दबाव बनाया था कि भारत को आमंत्रित न किया जाए। मार्क कार्नी का इस मामले में झुक जाना चरमपंथी ताकतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के लिए बड़ा झटका है। क्या भारत के बिना यह ग्रुप चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता, लोकतंत्र और पर्यावरण के मुद्दे पर टिका रह पाएगा? मार्क कार्नी का कार्यकाल इस उम्मीद के साथ शुरू हुआ था कि भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के मुकाबले उन्होंने ज्यादा जिम्मेदार और सकारात्मक रवैया दिखाया था।

चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने माना था कि दोनों देशों के संबंध कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हैं और समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने की बात कही थी। पिछले हफ्ते जब विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा की समकक्ष मंत्री अनीता आनंद से बात की, तो उसे भी अहम बदलाव माना गया था। G 7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरुआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नई दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है। लेकिन, घरेलू राजनीति से मजबूर कनाडा ने द्विपक्षीय रिश्तों ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय हितों को भी चोट पहुंचाई है।

...आज का दिन...

मेष- दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य, इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, शत्रु परास्त, हर्ष भी।

वृषभ- आज दिन 7/36 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन कष्टमय, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

मिथुन- आज दिन 7/36 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा सफल, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिंतित, घरेलू परेशानी, मानसिक तनाव।

कर्क- किसी योजना की शुरुआत, पुराने विवाद का समापन, आशानुकूल घटना घटित, स्वाध्याय में रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मन प्रसन्न।

सिंह- आरोग्य सुख में वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, आकस्मिक लाभ, पारिवारिक सौहार्द, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, सुसंदेश की प्राप्ति।

कन्या- आज दिन 7/36 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

तुला- आज दिन 7/36 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद संभव, शत्रु सक्रिय, लाभ में कमी।

वृश्चिक- विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि विकास, व्यावसायिक प्रगति।

धनु- मनोवांछित सफलता, शिक्षा में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, कर्ज की निवृत्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मकर- आज दिन 7/36 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, विवाद की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, इच्छा की पूर्ति, विवाद समापन।

कुम्भ- आज दिन 7/36 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, संत समागम, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोध की अधिकता, मानसिक तनाव।

मीन- नवयोजना की शुरुआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, खुशी का माहौल।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

राजा भभूत सिंह जिनके स्वाभिमान की ज्वाला से आज भी गूंजती हैं सतपुड़ा की वादियां

- दुर्गेश रायकवार -

मध्य भारत की धरती, विशेषकर मालवा और नर्मदा तटवर्ती सतपुड़ा क्षेत्र, प्राचीन समय में अवंतिका महाजनपद का हिस्सा रही है। इस क्षेत्र की महादेव पहाड़ियाँ, ताप्ती और नर्मदा की घाटियाँ, हजारों वर्षों से धार्मिक और आध्यात्मिक साधना की भूमि रही हैं। यहाँ का कोरकू आदिवासी समाज भोलेनाथ को अपना आराध्य और कुल देवता मानता है। ऐसा विश्वास है कि कोरकू समाज भोलेनाथ के गणों और उनके अनुयायियों के वंशज हैं।

कोरकू समुदाय का प्रभुत्व 18वीं सदी तक इस सम्पूर्ण भूभाग में स्थापित था। राजा भभूतसिंह कोरकू, इसी परंपरा के एक ऐसे सिद्ध पुरुष और जागीरदार थे, जिनका प्रभुत्व पचमढ़ी, हर्राकोट, पातालकोट, तामिया, बोरी, मढ़ई, हरियागढ़, केसला, बैतूल और हरदा तक फैला हुआ था। राजा भभूतसिंह का जीवन चमत्कारिक शक्तियों, आध्यात्मिक सिद्धियों और रणकौशल का अद्वितीय संगम था। वे तंत्र-मंत्र, जड़ी-बूटियों और वन औषधियों में पारंगत थे। कहा जाता है कि उन्होंने ऐसी दिव्य औषधियों का प्रयोग कर रखा था जिससे उनके शरीर पर किसी भी अस्त्र-शस्त्र का प्रभाव नहीं होता था। उन्होंने बूटी को अभिमंत्रित कर अपने शरीर में स्थापित किया था और इस कारण से लोहे के हथियार उनके शरीर को नुकसान नहीं पहुँचा सकते थे। उनके शरीर की अमरता की कथा भी प्रसिद्ध है कि राजा केवल हरे बांस की लकड़ी से ही मृत्यु को प्राप्त हो सकते थे, यह रहस्य केवल उनके सबसे निकटस्थ एक मित्र को ज्ञात था।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जब तात्या टोपे और उनकी सेना अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए सतपुड़ा पहुँचे, तब उन्होंने राजा भभूतसिंह की शरण ली। अक्टूबर 1858 के अंतिम सप्ताह में फतेहपुर के सरैया घाट से तात्या टोपे ने नर्मदा पार की और पचमढ़ी क्षेत्र में प्रवेश किया। राजा भभूतसिंह ने गुफाओं के माध्यम से उन्हें हरियागढ़, बोरदई और फिर मुलताई क्षेत्र की ओर भेजा। अंग्रेज कप्तान जेम्स फोर्सिथ को जब यह पता चला कि भभूतसिंह ने तात्या टोपे को शरण दी है, तो उसने फतेहपुर के नवाब आदिल मोहम्मद खान के माध्यम से राजा से तात्या को सौंपने का आग्रह किया। लेकिन निडर भभूतसिंह ने अंग्रेजों के सामने झुकने से इनकार कर दिया। जुलाई 1859 में राजा भभूतसिंह ने खुलेआम विद्रोह कर दिया। अंग्रेजों ने मिलिट्री पुलिस और मद्रास इन्फेंट्री की टुकड़ी को भेजा। देनवा घाटी में युद्ध हुआ जो लगभग छह महीनों तक चला। कोरकू योद्धाओं की गुप्त युद्ध नीति और पहाड़ी मार्गों की जानकारी अंग्रेजों के भारी हथियारों पर भारी पड़ी। कहा जाता है कि युद्ध के दौरान राजा ने चिरौठा के दानों को मंत्रों से अभिमंत्रित कर मधुमक्खियों में परिवर्तित किया और उन्हें युद्ध के एक हथियार के रूप में प्रयोग किया। भभूतसिंह द्वारा अपनाई गई छापामार युद्ध रणनीति बिल्कुल शिवाजी महाराज जैसी थी- अदृश्य रहकर प्रहार करना और जंगलों की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाना।

एक बार राखी पर्व के अवसर पर भभूतसिंह अपनी मुंह बोली बहन से राखी बंधवाने खारी गाँव पहुँचे। वहीं किसी ने अंग्रेजों को यह गुप्त सूचना दे दी। अंग्रेजों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया, लेकिन उनकी दिव्य शक्ति के कारण उन्हें बाँधना असंभव था। कहा जाता है कि राजा का एक विश्वासपात्र मित्र, जो उनकी शक्तियों और रहस्यों से परिचित था, अंग्रेजों से मिल चुका था। उसी की गद्दारी से भभूतसिंह को पकड़ने में अंग्रेज सफल हुए।

अंग्रेजों ने उन्हें यातनाएँ दीं, परंतु वे अपने खजाने और रहस्यों की जानकारी देने को तैयार नहीं हुए। जब शारीरिक यातनाएँ बेअसर रहीं, तो उन्हें अन्न-जल से वंचित रखा गया। इसके बावजूद वे अंत तक अडिग रहे।

1860 में अंग्रेजों ने उन्हें जबलपुर में मृत्युदंड दिया। कुछ प्रमाणों में कहा गया है कि उन्हें फांसी दी गई, वहीं कुछ में कहा गया कि उन्हें गोलियों से छलनी कर मार दिया गया। अंग्रेजों ने उनके नामोनिशान मिटाने के प्रयास में उनके राज्य को वन विभाग को सौंप दिया। यह घटना भारतीय इतिहास में पहली थी जब किसी आदिवासी की शहादत के बाद उनकी जागीर को वन क्षेत्र घोषित किया गया। आज भी देनवा नदी के तट पर राजा भभूतसिंह का बगीचा और "भभूतकुण्ड" विद्यमान है, जिसमें बारहमासी जल भरा रहता है। चौरागढ़ मंदिर में उनके द्वारा चढ़ाए गए पत्थर के त्रिशूल आज भी दर्शनार्थियों को वीरता और भक्ति का संदेश देते हैं। राजा भभूतसिंह की वीरता और बलिदान को कोरकू समाज ने लोकगीतों और भजनों के माध्यम से जीवित रखा है। पचमढ़ी क्षेत्र के गाँवों, मंदिरों और लोक संस्कृति में आज भी उनकी गाथाएँ सुनाई जाती हैं। राजा भभूतसिंह न केवल एक योद्धा थे, बल्कि वे जनजातीय चेतना और आत्मसम्मान के प्रतीक बन चुके हैं।

उनकी मृत्यु के बाद अंग्रेजों का कोप कोरकू समाज पर टूटा। अनेक कोरकू लोग पहाड़ों में छुप गए, कुछ अन्य गोंड जागीरदारों के पास चले गए, तो कुछ तात्या टोपे के साथ महाराष्ट्र तक पहुँच गए। अनेक लोगों ने अपनी पहचान छिपा ली और अपने गोत्र/सरनेम बदल लिए। राजा भभूतसिंह की वीरगाथा, अंग्रेज अधिकारी एलियट की 1865 की सेटलमेंट रिपोर्ट में भी दर्ज है। वे सतपुड़ा क्षेत्र के "शिवाजी" कहे जाते हैं। अफसोस है कि जिस योद्धा ने अंग्रेजों से दो वर्षों तक सतत संघर्ष किया, वह इतिहास की पुस्तकों में उचित स्थान नहीं पा सका।

राजा भभूतसिंह कोरकू एक ऐसा नाम हैं, जो केवल कोरकू समाज का नहीं, पूरे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरव हैं। उनका जीवन आदिवासी अस्मिता, देशभक्ति, और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उनके बलिदान और शौर्य की गाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाना, आज की पीढ़ी का नैतिक कर्तव्य बनता है।

राजा भभूतसिंह कोरकू- एक नाम नहीं, एक स्वाभिमान की ज्वाला हैं, जो आज भी सतपुड़ा की वादियों में गूंजती है।

(विनायक फीचर्स)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास के कारण ही देश का मनोबल बहुत ऊंचा एवं गगनचुम्बी है हमें इस पर गर्व होना चाहिए और यही कारण है कि भारत में लोकतंत्र की आस्था तथा विस्वास के चलते ही ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमला किया और आतंकवादियों तथा उसके पोषक पालकों के छक्के छुड़ा दिए और भारत ने युद्ध में बड़ी सफलता पाई। भारतीय फौज के शौर्य और शक्ति का लोहा पूरी दुनिया में स्वीकार किया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारत में लोकतांत्रिक आस्था और गर्व पर विश्वास करने वाली 141 करोड़ जनता का बड़ा समर्थन है। देश की जागरूक जनता ने ऑपरेशन सिंदूर के संचालन में भारत सरकार और भारतीय तीनों सेना के अंगों का भरपूर समर्थन किया है, भारत के नागरिकों को भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता पर गर्व है। हमें इन गौरवशाली पलों को अनंत काल तक बनाए रखना होगा और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है।

जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2025 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैद्य वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं।

पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं, पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पायाद्य वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाएद्य संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पायाद्य हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगाद्य केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती हैद्य गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती हैद्य हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा।

इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग, महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगाद्य यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है। भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है। जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय हैद्य इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है, बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है। जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं। 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैं। हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है। भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है।

यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है। संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही हैद्य सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है। आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है। भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार, बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है। हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है। महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है। पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है। इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन, श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गया। भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,9009415415

चंदौली

हाईवे किनारे पेड़ के पास मिला महिला का शव

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जिले के सैयदराजा थाना क्षेत्र अंतर्गत बगही गांव के समीप उस वक्त सनसनी फैल गई जब नेशनल हाईवे-19 के किनारे स्थित एक पेड़ के पास अधेड़ उम्र की अज्ञात महिला का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही सैयदराजा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। शव जिस स्थिति में मिला है, उसे देखकर क्षेत्रीय लोग तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त कर रहे हैं। कुछ लोग इसे हादसा मान रहे हैं तो वहीं कुछ इस मामले को संदिग्ध मानकर हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। पुलिस के अनुसार, महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रहे हैं ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

कार सवार युवकों ने दरोगा के साथ की मारपीट

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। बबुरी थाने में तैनात दरोगा के साथ सफारी सवार मनबढ़ युवकों ने मारपीट की। दरोगा की वर्दी फाड़ दी। ऑटो चालक से उलझने के बाद युवक दरोगा पर टूट पड़े। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके अज्ञात साथियों की भी तलाश कर रही है।

बताया जाता है कि उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला हमराही कांस्टेबल संदीप यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान सूचना मिली कि नहर पुलिया के पास सफारी सवार युवकों और ऑटो चालक के बीच विवाद हो गया। दरोगा जब पुल पर पहुंचे तो सफारी सवार युवक अपना वाहन पुल के बीचबीच खड़ा कर ऑटो चालक से बहस कर रहे थे। इससे वहां से गुजरने वालों को परेशानी हो रही थी। दरोगा ने सफारी सवार युवक को पुल से वाहन साइड करने के लिए कहा। इस पर सफारी चालक गढ़वां उत्तरी निवासी विरेंद्र सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह, आशीष कुमार सिंह पुत्र काशीनाथ सिंह और बबुरी निवासी अवनीश सिंह पुत्र विमल सिंह दरोगा के साथ गालीगलौज करने लगे। वहीं वर्दी उतरवाने और देख लेने की धमकी देने लगे। दरोगा के बार-बार वाहन हटाने के लिए कहने पर मनबढ़ों ने अपने 10-15 अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और दरोगा के साथ मारपीट शुरू कर दी। उनकी वर्दी फाड़ दी। मारपीट में दरोगा के कंधे में चोट लगी। दरोगा के साथ मारपीट की घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उनके साथियों की तलाश में जुटी है। पुलिस सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूड में है।

रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक की मौत

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जिले के पीडीडीयू नगर में पीडीडीयू जंक्शन के पूर्वी छोर पर स्थित जीटीआर ब्रिज के समीप सुबह एक युवक किसी ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। वही शव पीएम के लिए भेजकर अगली कार्रवाई में जुट गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते पहुंच गये।

आपको बता दें कि चकिया कोतवाली क्षेत्र के अमरा गांव निवासी विनय उपाध्याय चकिया में स्टांप विक्रेता है। इनका 32 वर्षीय पुत्र विनय उपाध्याय वाराणसी बीएचयू में संविदा कर्मचारी था। वह किसी काम से लखनऊ गया था और सुबह वापस लौटा था। वही स्टेशन के पूर्वी छोर पर रेलवे लाइन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। विभागीय कर्मियों की सूचना पर मौके पर जीआरपी पहुंच गई। जीआरपी शव की तलाशी में मिले कागजात के आधार पर शिनाख्त किया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते पहुंच गये। जीआरपी कोतवाल सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दो भाईयों में आशीष पहले नंबर पर था। छोटा भाई अभिनव सीमा सुरक्षा बल में जवान है। कहा कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जिले भर में 117 शराबियों के विरूद्ध हुई तगड़ी कार्रवाई

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। जिले की पुलिस टीमों के द्वारा शराबियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गयी। साथ ही 117 शराबियों के विरूद्ध एक्शन लेते हुए 292 बीएनएस व पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत कार्रवाई करके शिकंजा कसने की कोशिश की गयी। इन लोगों के खिलाफ कार्यवाही के साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रति जागरुक किया गया।

जिले में सड़कों पर, कार में, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने या शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर एक्शन लिया जा रहा है। ऐसा दंडनीय अपराध करने वालों पर हर दिन कार्रवाई हो रही है। जिले में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, रंगबाजी, जुआ खेलने, स्टंट दिखाने, छेड़खानी करने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई जारी है। अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई।

एक बार से अधिक पकड़े जाने पर डिफॉल्टर्स का लाइसेंस भी निरस्त करवाने की कार्रवाई की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संवेदनशील जगह चिह्नित कर पुलिस ने उपरोक्त प्रकार के व्यक्ति पर कार्यवाही की गई। जिले भर में पुलिस ऐसे लोगों के विरुद्ध मात्र कार्यवाही ही नहीं कर रही, बल्कि ऐसे सभी लोगों को मादक पदार्थों व शराब के सेवन से होने वाले आर्थिक व शारीरिक हानि के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा व परिवार के सदस्यों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही आगे से मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

शारीरिक उपकरण के लिए चहनियां ब्लॉक में लगा चिन्हांकन शिविर

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एडीप और वयोश्री योजना के तहत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग चंदौली के सहयोग से सोमवार को चहनियां ब्लॉक परिसर में दिव्यांग और वयोवृद्ध चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 28 दिव्यांगों और 08 वयोवृद्ध व्यक्तियों का चिन्हांकन शारीरिक उपकरणों के लिए अंतिम रूप से किया गया।

इस मौके पर जिला दिव्यांग आइकॉन राकेश यादव रौशन ने बताया कि भारत सरकार का यह प्रयास है कि समाज के दिव्यांगों और वृद्धजनों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले और उनका जीवन सरल हो। इसके लिए एलिम्को की तरफ से विभिन्न प्रकार के शारीरिक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं,

जिसके तहत एलिम्को द्वारा प्रथम चरण में चिन्हांकन शिविर आकांक्षी ब्लॉक चहनियां में लगाया गया है।

चिन्हांकन के बाद दिव्यांगों और वृद्धजनों को ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड साइकिल, कान की मशीन, छड़ी, व्हील चेयर, बैसाखी, छड़ी, स्मार्ट छड़ी, लैप्रोसी कीट, कमर का बेल्ट, घुटने का बेल्ट, कंबोड चेयर, सिलिकॉन फोम आदि का वितरण एक निश्चित तिथि पर शीघ्र ही किया जाएगा। श्री रौशन ने आगे बताया कि वितरण के दिन सिर्फ उन्हीं दिव्यांगों और वृद्धजनों को शारीरिक उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिनका रजिस्ट्रेशन आज चहनियां ब्लॉक में एलिम्को की टीम द्वारा किया जाएगा।

यह शिविर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश कुमार नायक की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर एलिम्को के डॉ. अवनीश सिंह, डॉ. आनंद सिंह, मोहित यादव, श्रवण, अर्चना, नित्यानंद सिंह, सपना सिंह, रानी देवी, दिव्यांग विभाग के शेखर मौर्या आदि लोग उपस्थिति थे।

निर्देशन में संदहां से रेवासा चंदौली रिंग रोड पर गंगा पुल से गुज़रना हुआ आसान, लेकिन अभी सतर्क रहना ज़रूरी

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। कई सालों की प्रतीक्षा और तमाम प्रशासनिक खींचतान के बाद अब चंदौली जिले के संदहां से लेकर रेवासा तक बनने वाली रिंग रोड का काम लगभग अंतिम चरण में है। इस रिंग रोड का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा- गंगा नदी पर बना पुल, अब आम जनता के लिए आंशिक रूप से खोल दिया गया है। एक लेन से दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन चालू हो चुका है, जबकि दूसरी लेन पर कार्य ज़ोर-शोर से जारी है।

क्या है मौजूदा स्थिति? संदहां से रेवासा तक की रिंग रोड का काम लगभग पूरा हो चुका है। गंगा पुल की एक लेन पर यातायात शुरू हो चुका है। दूसरी लेन को 31 दिसंबर 2025 तक पूरा करने का आदेश दिया गया है। यानी जनवरी 2026 से दोनों लेन चालू, यातायात में सुगमता। फिलहाल भारी वाहनों की आवाजाही छह महीने तक प्रतिबंधित रहेगी। केवल दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए ही पुल खोला गया है। यह पुल क्यों है खास? गंगा पर बना यह पुल न केवल पूर्वांचल को बिहार से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, बल्कि यह भविष्य में चंदौली, मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र जैसे जिलों के लिए एक ट्रांसपोर्टेशन हब साबित होगा। इस पुल के माध्यम से भारी मालवाहक ट्रकों, स्कूल वाहनों, एंबुलेंस और आम नागरिकों को यातायात में होने वाली देरी से राहत मिलने की उम्मीद है। यातायात शुरू, लेकिन अब भी है खतरे की आशंका! हालांकि गंगा पुल पर एक लेन से वाहन चलना शुरू हो गया है, लेकिन अभी भी यह पूर्णतः सुरक्षित नहीं कहा जा सकता। पुल पर डिवाइडर की रंगाई-पुताई का कार्य जारी है।

रेलिंग निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। सड़क किनारे वर्क ज़ोन बने हुए हैं, जिससे फिसलने या टकराने की आशंका है। रात्रि के समय यातायात और भी ख़तरनाक साबित हो सकता है क्योंकि लाइटिंग अभी अधूरी है। स्थानीय प्रशासन और कार्यदायी संस्था द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है, लेकिन आम नागरिकों को भी चाहिए कि वे इस पुल से सावधानीपूर्वक गुजरें, विशेषकर बारिश के मौसम में जब सड़कें फिसलनभरी हो सकती हैं।

निर्माण की प्रगति: क्या-क्या बाकी है? गंगा पुल की दूसरी लेन पर अब भी कई महत्वपूर्ण कार्य शेष हैं- गर्डर रखने का कार्य सड़क पर तारकोल बिछाने का काम दोनों लेन के बीच सेफ्टी बैरियर और रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य रेन वाटर ड्रेनेज सिस्टम का फिनिशिंग इन सभी कार्यों को दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जनता की प्रतिक्रिया- 'सपना अब हकीकत बनता दिख रहा' कई ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने बातचीत में खुशी जताई कि "गांव के बच्चे अब स्कूल जल्दी पहुँच पाएंगे, एंबुलेंस अब फँसेगी नहीं, और किसान अपने उत्पाद मंडी तक आसानी से पहुँचा सकेंगे।" महिलाओं ने भी कहा कि अब गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में देरी नहीं होगी, जो पहले एक बड़ा संकट था।

भारी वाहन क्यों प्रतिबंधित? प्रशासन ने निर्णय लिया है कि जब तक गंगा पुल की दोनों लेन पूरी तरह से नहीं बन जातीं और रेलिंग तथा डिवाइडर का कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक भारी वाहनों पर रोक जारी रहेगी। इससे निर्माण कार्य में बाधा नहीं पहुँचेगी पुल की सुरक्षा बनी रहेगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी प्रशासन की तरफ से क्या निर्देश? जिला प्रशासन और PWD विभाग ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि- कार्यदायी संस्था को 31 दिसंबर 2025 तक हर हाल में काम पूरा करना होगा। सेफ्टी रिफ्लेक्टर, साइड रेलिंग और लाइटिंग का कार्य अग्रिम प्राथमिकता पर होना चाहिए। रात्रिकालीन यातायात में सतर्कता हेतु सिविल पुलिस और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त गश्त आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया जाएगा कि वे काम वाले हिस्सों में प्रवेश न करें।

सपा का आईएमएस के सामने प्रदर्शन

वाराणसी। सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को आईएमएस निदेशक के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। ट्रॉमा सेंटर एवं सुंदरलाल अस्पताल में भ्रष्टाचार, मरीजों से दुर्व्यवहार और प्रशासनिक गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। पार्टी जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डायरेक्टर की अनुपस्थिति में एक अन्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज सौरभ सिंह, आईएमएस के डॉ.केके गुप्ता और बाउंसर (गार्ड) की मिलीभगत से हो रही अनियमितताओं का जिक्र किया गया। हरीश मिश्रा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों के साथ आए दिन मारपीट और प्रोफेसरों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। बार-बार अनुरोध के बाद भी अब तक इसपर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसी घटनाओं पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया, तो सपा सड़क से सदन तक आंदोलन को बाध्य होगी। इस मौके पर अमन यादव, राहुल यादव, रेखा पाल, संगीता पटेल, सुजाता यादव, रीता यादव, बाबू भारती की खास मौजूदगी रही।

बीएचयू छात्रों ने किया बुद्धि-शुद्धि यज्ञ

वाराणसी। बीएचयू स्थित सर सुंदरलाल अस्पताल में अनियमितता का आरोप लगाते हुए छात्रों ने आईएमएस गेट के बाहर बुद्धि-शुद्धि यज्ञ कर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि आईएमएस में भ्रष्टाचार, प्रशासनिक उदासीनता एवं अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। बीते दो महीने में छात्र इस संबंध में आईएमएस के निदेशक प्रो. एसएन. शंखवार एवं मेडिकल सुप्रिटेंडेंट प्रो. केके. गुप्ता को ज्ञापन सौंप चुके हैं बावजूद इसके स्थिति यथावत है। छात्रों ने सवाल उठाया कि मरीजों को फ्री भोजन, फ्री एक्सरे, सभी रिपोर्ट मोबाइल पर कब मिलेगी, आईसीयू के नाम पर दलाली कब तक होती रहेगी। सुविधा सम्पन्न होने के बाद भी मरीजों की जांच बाहर क्यों कराई जाती है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर सत्यनारायण सिंह, शिवम सोनकर, पल्लव, दिव्यांशु, अंकुर, ध्रुव, गौरव, उदय, मिक्कू, शुभम, अंकित गुप्ता, आयुष आदि छात्र रहे।

लापरवाही में एडी बेसिक से जवाब-तलब

वाराणसी। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने सोमवार को मंडलीय बैठक में प्राथमिक शिक्षा सम्बंधित कार्यों की जानकारी नहीं देने पर सहायक निदेशक बेसिक को फटकार लगाई। जनपदस्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक नहीं करने पर उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा है। आयुक्त सभागार में हुई बैठक में मंडलायुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि अगली बैठक में सभी पूरी तैयारी के साथ आएं। जो भी विषय निर्धारित है, उसका समुचित जवाब होना चाहिए। मंडलायुक्त ने पीएम सूर्यघर योजना में वाराणसी में 13115, जौनपुर में 571, गाजीपुर में 873 तथा चंदौली में 552 कनेक्शन पर सभी को 17000 का लक्ष्य तीन महीने में पूरा करने का निर्देश दिया।

पीएम आवास योजना, दुग्ध और पशुधन विभाग की समीक्षा में अपेक्षित प्रगति लाने की जिम्मेदारी सभी सीडीओ को सौंपी। सभी जिलों में सेतुओं के निर्माण में तेजी लाने को कहा। पीएम विश्वकर्मा योजना की पूरी जानकारी नहीं होने पर उद्योग विभाग पर नाराजगी जताई। कमिश्नर ने कहा कि 90 फीसदी से ज्यादा पूरी हो चुकी परियोजनाओं की समीक्षा डीएम स्वयं करें। गाजीपुर में सिंचाई विभाग के प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि कि हीटवेब प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। पीने के पानी का उचित प्रबंध, टैंकर की उपलब्धता, स्वास्थ्य केंद्रों पर कोल्ड रूम का निर्माण, गोशालाओं में पेयजल, जूट के पर्दे से आड़ तथा रैपिड रिस्पांस टीम की सक्रियता पर भी जोर दिया। मंडलायुक्त ने एंटी-भू-माफिया टास्क फोर्स, महिला उत्पीड़न, पॉस्को एक्ट, गिरोहबंद अपराध, गैंगस्टर करवाई, गो-तस्करी पर सभी को टीम भावना से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। राजस्व कार्यों की समीक्षा में एक साल से ऊपर के वादों की सूची तैयार कर प्रमुखता से निस्तारण को निर्देशित किया। उन्होंने जिलों में अपर जिलाधिकारियों को राजस्व मामलों की जिम्मेदारी देते हुए तहसीलों के निरीक्षण कराने को कहा। बैठक में डीआईजी वैभव कृष्ण, डीएम वाराणसी सत्येंद्र कुमार, डीएम जौनपुर दिनेश चंद्र, डीएम गाजीपुर अविनाश कुमार, डीएम चंदौली चंद्रमोहन गर्ग, एसपी चंदौली आदित्य, जौनपुर डॉ कौस्तुभ, गाजीपुर डॉ. ईरज राजा, सीडीओ वाराणसी हिमांशु नागपाल समेत मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गोंड जाति को मिलेगा जाति प्रमाणपत्र : अनिल राजभर

वाराणसी। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी गोंड समाज को उसका वास्तविक जाति प्रमाण पत्र नहीं जारी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं वादा करता हूं कि प्रमाण पत्र का समाधान निकाला जाएगा। जो अधिकारी इसमें लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई भी होगी। वे तेलियाबाग स्थित पटेल धर्मशाला में भारतीय गोंड समाज संघ की ओर से आयोजित %गोंड आदिवासी प्रबुद्धजन संवाद सभा में बोल रहे थे।

उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनवाने जैसी मामूली प्रक्रिया में आ रहीं अड़चनों पर चिंता जताई और कहा कि यह ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि इस समाज ने दिल खोलकर भाजपा को आशीर्वाद दिया है। यदि इसके बावजूद भी उन्हें इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तो मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर समाधान भी सुनिश्चित करेंगे। कुशीनगर के विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। अक्षयबर लाल गोंड ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि वे हमारी समस्याओं का समाधान करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामजी सिंह नेतान, संजय गोंड, मनोज गोंड आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

दो अभियुक्त गिरफ्तार, बाइक व तमंचा बरामद

रामपुर। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर प्रभारी निरीक्षक देवानन्द के मार्गदर्शन मे उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश मिश्रा हेड कांस्टेबल सूरज सोनकर हेड कांस्टेबल त्रिलोकी सिंह कांस्टेबल सुरेश यादव कांस्टेबल पंकज यादव कांस्टेबल विश्वास पांडेय मराह कर्म0गण के साथ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान पचवल जौनपुर भदोही बार्डर के पास से अभियुक्तगण 1.सतीश यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम दुबेपुर थाना रामपुर, सेवालाल उर्फ गुड्डू सरोज पुत्र शिवलोचन सरोज निवासी ग्राम आशापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को एक-एक देशी कट्टा 315 बोर व एक-एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ आज तीन जून को पुलिस हिरासत मे लिया गया।

फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग मे पंजीकृत कर अभियुक्तगण के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बंधित न्यायालय भेज दिया गया।

बकरीद पर साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान : एसडीएम

केराकत। प्रेम और सौहार्द्र के माहौल में बक़रीद का त्योहार मनाएं और इस अवसर पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। मंगलवार को कोतवाली सभागार में संपन्न शान्ति समिति की बैठक में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती ने उक्त विचार व्यक्त किए।

शांति-समिति की बैठक में भाग लेते लोग।

इस सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के आलोक में स्पष्ट किया कि खुले में और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी बिल्कुल नहीं होगी।अपशिष्ट निस्तारण के सम्बन्ध में आप ने बताया कि अपशिष्ट को गड्ढों में दफ्न किया जाए।इस निमित्त प्रतिनिधि चेयरमैन कृष्णकुमार जायसवाल गोलू ने आश्वस्त किया कि आवश्यक और चिन्हित स्थानों पर नगर पंचायत की ओर से गड्ढे खोद दिए जाएंगे। साफ सफाई और जलापूर्ति व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी सना सगीर ने पूर्णत: आश्वस्त किया और स्पष्ट किया कि चूंकि नगर की जलापूर्ति व्यवस्था विद्युत आपूर्ति पर आधारित है अत: बिजली रहते जलापूर्ति व्यवस्था निश्चित रूप से निर्बाध रहेगी। ईदगाह के रास्ते में उत्पन्न किए गए अवरोध के संबंध में एसडीएम सुनील कुमार भारती ने नायब तहसीलदार हुसैन अहमद को निर्देशित किया कि कल दोनों पक्षों को सामने बैठा कर समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अवनीश कुमार राय ने स्पष्ट किया कि त्यौहार के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन अक्षरश: किया जाएगा। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत बिल्कुल नहीं दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष रूयते हिलाल कमेटी सैयद अरशद अहमद पप्पू,प्रदीप कुमार पिंकू, मनोज जायसवाल, शबनम नाज, अध्यक्ष ग्राम प्रधान संघ विपिन सिंह, सुभाष फौजी, ग्राम प्रधान मुरकी मुहम्मद सादिक पूर्व ग्राम प्रधान असलम पेसारा, ओमप्रकाश सुल्तानपुर, अमित कुमार सिंह, फिरोज अहमद, रामदास यादव,आरिफ अंसारी तथा अन्य क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लिया।

केराकत थाने के दरोगा ने सिपाही की पंचर कर दी बाइक

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। थाना परिसर में एक अजीबोगरीब और असहज स्थिति तब उत्पन्न हो गई जब थाने के ही एक दरोगा ने अपने ही विभाग के सिपाहियों की बाइक के टायर सूजे से पंचर कर दिए। घटना के बाद थाने में हलचल मच गई और यह मामला चर्चा का विषय बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, केराकत थाने में तैनात दो पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी समाप्त कर लौटे और अपनी बाइक थाने के मुख्य गेट के पास खड़ी कर दीं। थोड़ी देर बाद वहीं तैनात एक एसआई पहुंचे, जिन्हें गेट के पास बाइक खड़ी होना नागवार गुज़रा। बिना कुछ कहेङ्कसुने, एसआई ने आव देखा न ताव और एक सूजे से बाइक के टायर पंचर कर दिए। जब ड्यूटी से लौटे पुलिसकर्मी बाहर आए और अपनी बाइक की हालत देखी, तो उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। उन्होंने नाराज़गी जताई और बात को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया। दबाव बढ़ता देख एसआई ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और पंचर बनाने के लिए पैसे देकर मामला शांत कराया। इस संदर्भ में जब कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय से पूछा गया तो उन्होंने कहा मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

हाइवे पर ब्रेकर का संकेतक नहीं होने से हो रही दुर्घटनाएं

मछलीशहर। रायबरेली हाइवे पर मछली शहर से आगे मरी माई मंदिर से लेकर आनापुर गांव तक ब्रेकर का कोई संकेतक नहीं बना है।जबकि हाइवे से गांव में जाने के लिए तीन लिंक रोड़ जुड़े हैं।आए दिन सड़क दुर्घटना में मौत हो रही है। गत 28 अप्रैल को सिक़रारा थाना क्षेत्र के कुरनी गांव निवासी शेषमणि शुक्ला (60) मछलीशहर बाजार गए थे। शाम को छह बजे वे साईकिल द्वारा घर वापस लौट रहे थे। मरी माई मंदिर के समीप तेज गति से आ रही टाटा सफारी की चपेट में आ गए जिससे उक्त की मौत हो गई। उक्त के 25 दिन बाद 23मई को बाइक सवार अध्यापक सहित दो युवकों की पुन: मौत हो गई।

इसके अलावा आए दिन लोग गांव की सड़क पर घुमने के दौरान वाहन से टकराकर चोटहिल होते हैं। इससे तीन साल पहले भी उक्त स्थान पर 14लोगो की मौत हो चुकी है। फिर भी हाइवे अथारिटी द्वारा आबादी क्षेत्र में गति सीमा कम करने के लिए ब्रेकर का संकेतक नहीं बनाया गया है। गांव को जोड़ने वाली सड़क के सामने ब्रेकर का संकेतांक बन जाता तों चालक एलर्ट हो जते जिससे दुर्घटना में कमी आती।

अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तीन जून को थाना सुरेरी पुलिस द्वारा 12 घण्टे के अन्दर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

बतााया जाता है कि पीड़िता/वादिनी मुकदमा चांदनी पुत्री लालमन निवासी हरिहरपुर थाना सुरेरी से अभियुक्त गोबिन्दा पुत्र सुबेदार चौहान निवासी सुल्तानपुर थाना सुरेरी द्वारा प्यार के नाम पर धोखे मे डालकर शादी का झांसा देकर पीड़िता उपरोक्त के साथ पिछले 08 साल से रिलेशनशीप में रहकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने के सम्बन्ध में पीड़िता चांदनी की लिखित तहरीर के आधार पर दो जून को मु0अ0सं0-66/25 धारा-69 बीएनएस थाना सुरेरी बनाम गोबिन्दा पुत्र सुबेदार चौहान निवासी सुल्तानपुर थाना सुरेरी पंजीकृत किया गया।

मानसिक विक्षिप्त की ट्रेन से कटकर मौत

केराकत। चंदवक थाना क्षेत्र के ग्राम बगेरवा निवासी संजय यादव 38वर्ष पुत्र अमरनाथ यादव ने औरी रेलवे डगरा के पास मंगलवार को शाम लगभग साढ़े छ: बजे किसी ट्रेन से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। परिजनों के मुताबिक मृतक का मानसिक बिमारी का वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। आज दोपहर से ही मृतक घर से लापता था। जिसे परिजन ढूंढ़ रहे थे। शाम को किसी से सूचना मिली की ट्रेन से कटकर एक मौत हो गयी है। परिजन मौके पर पहुँच कर देखा तो मृतक की पहचान संजय यादव के रूप में हो गयी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक के एक पुत्री और दो पुत्र है। संजय की मौत से उसके परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।

थानागद्दी बाजार में बच्चों के विवाद में दो समुदायों में भिड़ंत

दोनों पक्षों से 13 को किया गिरफ्तार, पुलिस हुई सक्रिय

थानागद्दी। थानागद्दी बाजार में मामूली बच्चों के विवाद ने मंगलवार को बड़ा रूप ले लिया, जब दो समुदाय आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे।

इस संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों से कुल 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना को लेकर पुलिस विभाग के आलाधिकारी अलर्ट हो गए हैं। घटना थानागद्दी बाजार के पुराने चौराहे की है, जहां मुमताज के बेटे ने संजय गौड़ के बेटे की मोबाइल से फोटो खींच ली। इस पर आपत्ति जताने के बाद बच्चों में हाथापाई शुरू हो गई। बात यहीं नहीं रुकी, थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों के बड़े भी मौके पर आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थानागद्दी चौक इंचार्ज आशुतोष गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालात पर काबू पाया। वायरल वीडियो और स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों पक्षों से 13 लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया। सभी का चालान कर जेल भेज दिया गया है। घटना पर उच्चधिकारियों की नज़र बनी रही। मौके पर कोतवाल अवनीश राय भारी फोर्स के साथ जमे रहे।

कार की चपेट में आने से महिला घायल

मुफ्तीगंज। केराकत कोतवाली के मुफ्तीगंज नाले के पास केराकत जौनपुर राष्टीय राज मार्ग पर आर्टिका कार की चपेट में आने से पचास वर्षीय अधेड़ महिला बाइक सहित सड़क पर गिरने के कारण बेहोश हो गयी। घायल महिला की सी एच सी मुफ्तीगंज ले जाया गया सर में गंभीर चोट होने का कारण जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार केराकत कोतवाली के बेलांव निवासिनी परमशीला अपने भतीजे के साथ बाइक पर बैठ कर अपने माइके परौवां जा रही थी कि मुफ्तीगंज नाले के पास आर्टिका कार ने धक्का मार कर मौके फरार हो गई।

अलौकिक दिव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा का श्रोत है महर्षि सदाफल देव महाराज

- गुजरात के वासदा में कावेरी नदी के किनारे पहाड़ियों में स्थित है यह अलौकिक आश्रम
- मछलीशहर से गुजरात गए पत्रकार को मंदिर आश्रम समिति द्वारा किया गया सम्मानित

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। तहसील क्षेत्र से वासदा गुजरात गए पत्रकार संघ के मछलीशहर इकाई अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय और उनके साथ कटका गांव के प्रधान प्रदीप यादव बंगाली पुर गांव के प्रधान अंजनी यादव का दंडकवन महर्षि सदाफल देव महाराज के आश्रम में पहुंचने पर मंदिर आश्रम समिति द्वारा सदाफल देव महाराज की लिखित पुस्तक स्ववेंद देकर उनको सम्मानित किया गया। मंदिर आश्रम समिति अकाउंटेंट अखिलेश कुमार और स्वामी जी के परम शिष्य जौनपुर उत्तर प्रदेश के प्रकाश त्रिपाठी के प्रेरणा से तीनों लोग आश्रम में आए आश्रम की खूबसूरती और प्रकृति के गोद में बसा आध्यात्मिक शक्तियों से परिपूर्ण यह आश्रम अत्यंत मनमोहक और मन को शांति प्रदान करने वाला है।

आश्रम के बारे में बताते हुए प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि हजारों साल बाद ब्रह्मविद्या को पुनर्जीवित करने वाले और विहंगम योग की स्थापना करने वाले योगीराज महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज वर्ष 1944 में इस स्थान के पास कबीर-वट के दर्शन के लिए आए थे। तब उनके शिष्यों ने उनसे दंडकवन आने का अनुरोध किया था। वहां उनकी मुलाकात तत्कालीन वंसदा रियासत के एक प्रभावशाली व्यक्ति श्री शार्दुल सिंह सोलंकी से हुई थी। श्री सोलंकी जी ने गुजरात में विहंगम योग के प्रसार के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया था। उनके कहने पर ही वंसदा के राजा ने आश्रम के लिए यह जमीन दान में दी थी। यह दण्डकवन आश्रम सद्गुरु का निवास है।

इसका महत्व अपरिमित है। जो पुरुष और स्त्रियाँ भगवान के लिए तरसते हैं, वे जब यहाँ, इस दण्डकवन में आते हैं, जब वे इस परम पवित्र स्थान को देखते हैं या यहाँ रहते हैं, तो वे भक्ति और मुक्ति के अधिकारी बन जाते हैं।

दंडकवन दुनिया के इस हिस्से का सबसे प्राचीन जंगल है। दंडकवन एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है, एक ऐसा जंगल जो पापियों को सज़ा देता है। जब कोई दंडकवन के क्षेत्र में उतरता है, तो यह कल्पना करना कठिन होता है कि किसी को इतनी खूबसूरत जगह पर कैसे सज़ा मिल सकती है - यह लगभग एक हरे स्वर्ग जैसा है। लेकिन अहिल्या को यहाँ सज़ा मिली थी, क्योंकि वह अपने पति ऋषि गौतम के श्राप के बाद पत्थर के रूप में कम हो गई थी। जब श्री राम के पैर ने पत्थर को छुआ, तभी वह श्राप से मुक्त हुई और अपना मानव रूप वापस पाने में सक्षम हुई।

शास्त्रों में मिलता है उल्लेख

दंडकवन का उल्लेख शास्त्रों में मिलता है। ऐतिहासिक दृष्टि से यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है और इसकी प्राकृतिक सुंदरता - नदी, पहाड़, जंगल और वन्य जीवन का संगम - लगभग जादुई प्रभाव पैदा करती है। लेकिन जो चीज वास्तव में इसकी गंभीरता को बढ़ाती है, वह है आध्यात्मिकता।



अनेक ऋषियों एवं मुनियों की तपस्थली रहा है दंडकबन

यह वन अनेक ऋषियों और मुनियों का निवास स्थान रहा है। महर्षि गौतम ने यहीं रहकर तपस्या की थी। ब्रह्मर्षि विश्वामित्र श्री राम के साथ यहां आए थे। सद्गुरु कबीर दास नर्मदा नदी के तट पर कबीर-वट नामक स्थान पर रहते थे। सद्गुरु महर्षि सदाफल देव जी महाराज ने वर्ष 1944 में यहां कबीर-वट का भ्रमण किया था। यह वह भूमि है जहां सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज का आश्रम बना है। यह आश्रम प्राचीन पूर्ण ज्ञान और सच्ची अध्यात्म (ब्रह्मविद्या) के प्रकाश का प्रकाश-वाहक है, यह आश्रम सद्गुरु भगवान के दिव्य चमत्कारों का साक्षी रहा है।

आश्रम के 50 किलोमीटर के दायरे में रहने वाली महिलाओं बच्चो दूध उपलब्ध करवाता है आश्रम इस आश्रम की गौशाला से जो भी दूध मिलता है उसे दूध को बेचा नहीं जाता है ,आश्रम के इर्द-गिर्द रहने वाली गरीब धात्री महिलाओं को 2 साल छोटे बच्चों को 10 साल की उम्र तक तक एक लीटर दूध पीने के लिए दिया जाता है। जिससे यह महिलाएं कुपोषण का शिकार ना हो। आश्रम की यह व्यवस्था अत्यंत सराहनीय है और इसके लिए आश्रम से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है यह निशुल्क व्यवस्था है। जीवन जीने की कला सिखाता है दंडक वन का यह आश्रम।

कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

पत्रांकः 62/नि0सू0/2025-26 दिनांकः 31.05.2025

अति अल्पकालिक निविदा

नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर के समस्त पंजीकृत एवं शासनादेश सं. 3890/नौ-5-19-149 सा/2019 लखनऊ दिनाक 20.09.2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर सीमान्तर्गत नाला सफाई का कार्य करने हेतु दिनांक 09.06.2025 को समय अपरान्ह 01.00 बजे से 03.00 तक नगर पंचायत कार्यालय में सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय में निविदादाताओं के उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री कार्यालय दिवस मे 02.06.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 05:00 तक की जाएगी। निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत के नाम बन्धक हो, की मूल प्रति अथवा नकद जमा धनराशि की रसीद संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यदि किसी कारण वश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

कार्य विवरण

क्र0सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य+जीएसटी	कार्यावधि
1	मो. पूरादोषी में ज्ञानचन्द्र मौर्या के मकान से आशा मौर्या के मकान होते हुये व शाही रोड होते हुये मुकेश ताड़माली के पास स्थित तालाब तक नाला सफाई व मलबा हटाने का कार्य।	4,99,349.00	49,935.00	590.00	15 दिन
2	जंघई तिराहे से बैजनाथ गौतम के मकान तक व रमेश मेडिकल स्टोर से विनय मौर्या के मकान तक व राकेश मार्बल से सातो तलिया पर स्थित पुलिया तक नाला सफाई व मलबा हटाने का कार्य।	4,98,762.00	49,880.00	590.00	15 दिन
3	मो. कोतवाली में स्थित बसवारी से शाही रोड तक नाला सफाई व मलबा हटाने का कार्य।	2,28,610.00	22,870.00	354.00	15 दिन
4	मो. सराय में दया आरा मशीन से रोडवेज होते हुये व एन.एच. रोड होते हुये बिलाल के बाउण्ड्रीवाल के पास स्थित कच्चा नाला तक नाला सफाई व मलबा हटाने का कार्य।	4,99,103.00	49,910.00	590.00	15 दिन

नियम व शर्ते-

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफडीआर/एनएससी की मूल प्रति अथवा नकद जमा रसीद की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक निविदा के साथ श्रम पंजीकरण, जी.एस.टी. पंजीकरण व आयकर पंजीकरण, चरित्र व हैसियत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा।
4. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-2021-45ज/21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 के अनुपालन में ठेकेदार को अनिवार्य रूप से करना होगा।
5. नियमानुसार आयकर एवं अन्य करों की कटौती की जाएगी।
6. कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिति में ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
7. प्रशासक, नगर पंचायत मछलीशहर को बगैर कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा।
8. निविदादाता को कार्य स्थल की फोटोग्राफी करके (कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व व कार्य समाप्त होने पर) बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
9. निविदा के संबंध में समस्त जानकारी कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

(विजय कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

(कुमार सौरभ)
प्रशासक
नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

दबंगों ने जोत दिया 25 साल पुराना चक मार्ग

प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र के औलियापुर गांव में लगभग 25 वर्ष पूर्व बने चक मार्ग और खडंजे को जोत कर अपने खेतों में मिला लिया। दबंग खड़ंजे में प्रयुक्त ईट भी उठा ले गए। ग्राम प्रधान चंद्रभान यादव की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के अनुसार औलिया पुर गांव निवासी लालजी यादव के परिवार में शादी थी। 28 मई की शाम उनकी बारात बलिया जिले में गई थी। लालजी यादव के परिवार और पट्टीदारी के सभी सदस्य बारात में चले गए थे। आरोप है कि इसी रात गांव के कुछ दबंगो ने चार ट्रैक्टर लगाकर 25 साल पुराना चक मार्ग जोत दिए।

▸ जुताई से पहले का ब्रिक सोलिंग से बना हुआ चकमार्ग।
▸ जुताई के पश्चात चकमार्ग जिसे खेत में मिला लिया गया।

यह चकमार्ग क्षेत्र समिति द्वारा बनवाया गया था।दबंगों ने खड़ंजा और चक मार्ग जोतने के बाद उसको बगल के अपने खेत में मिला लिया। खड़ंजे में प्रयुक्त ईट उठा ले गए। ऐसा करके दबंगों ने सरकारी धन की बर्बादी कर दी, इसके साथ ही लोगों के आने जाने का रास्ता भी बंद कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चक मार्ग जोतने से प्रभावित हुए लोगों का कहना है कि जब घर की महिलाओं ने विरोध किया तो उनको दबंगों ने गाली देकर और जान मारने की धमकी देकर चुप करा दिया।

चकमार्ग जोत दिए जाने से कई परिवारों का एकमात्र रास्ता बंद हो गया है और लोगों को अपने खेतों पर ट्रैक्टर आदि ले जाना असंभव हो गया है। पैदल जाने का रास्ता भी बंद हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आशुतोष, सुरेंद्र, संजय, आयुष, आशु मणिन्द, रूपेंद्र, कमलेश, अभिषेक, अंकुर, अभिमन्यु, मोनू, अवनीश और विनय आदि के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

असंतुष्ट सभासद कार्यालय के सामने फर्श पर बैठ कर किये नारेबाजी

◆ सभासदों ने चेयरमैन व ईओ पर लगाए गंभीर आरोप

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। स्थानीय नगर पंचायत में सभासदों व चेयरमैन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पंचायत के दर्जनों सभासद बीते सोमवार के दिन घोसी नगर पंचायत कार्यालय पहुँचे जहाँ अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन कार्यालय के सामने फर्श पर बैठ गए। प्रत्येक सोमवार को होने वाली "सम्भव जन सुनवाई" होने के कारण सभासद अपने-अपने वार्डो से लेकर आने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिये काफी देर तक बैठ कर नगर अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता व ईओ अनिल कुमार का इंतजार करते रहे। वहीं नगर पंचायत के सक्षम पदाधिकारियों के कार्यालय में ताला लटका रह गया।

असंतुष्ट सभासदों का आरोप था कि नगर पंचायत क्षेत्र की जनता अपनी-अपनी समस्याएं लेकर कार्यालय पहुँच रही है जहां चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के कक्ष पर ताला लटका है और वे दोनो लोग नदारद है। इसके चलते आमजन की समस्याएं प्रभावित हो रही है एवं सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सिमट कर रही रही है। जबकि सोमवार के दिन नगर कार्यालय में अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में जन सुनवाई होनी चाहिये थी। सभासदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब चुने हुए प्रतिनिधियों की बात नहीं सुनी जा रही है तो आम जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। सभासदों का कहना था कि चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी प्रायः कार्यालय से गायब रहते हैं जिससे विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है।

सभासदों ने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय में उन लोगों की बैठने की कोई जगह नहीं है जबकि हम सभी भी चुने हुए जनप्रतिनिधि है। घोसी नगर पंचायत में मनमानी व नियमविरुद्ध तरीके से व्यवस्था चल रही है। सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज करने का सिलसिला नहीं रुका तो हम सभी बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे।

इस मौके पर उपस्थित सभासदों ने नगर पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए और पारदर्शिता व जवाबदेही की मांग की। इस अवसर पर सभासद संघ के अध्यक्ष जुल्फेकार अहमद, माजिद अंसारी, आफताब आलम, नेहाल अख्तर, सरफराज अहमद, अजित सोनकर, सागर कुमार आदि सभासद रहे मौजूद।

संक्षिप्त समाचार

जालसाजी के मामले में पूर्व प्रमुख रमेश सिंह 'काका' कोर्ट में नहीं हुए पेश

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने जालसाजी में दोषी पाए गए परदहां ब्लॉक के पूर्व प्रमुख रमेश सिंह काका के गैरजमानती वारंट को पुलिस ने अपनी रिपोर्ट के साथ न्यायालय में दाखिल किया। आरोपी रमेश सिंह काफी दिनों से घर पर नहीं रह रहे है। अभियोजन के अनुसार सहादतपुर निवासी सूर्यनाथ यादव की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। वादी का कथन था कि उसके रिश्तेदार भानु प्रताप पुत्र रामसकल यादव निवासी कोटिया, मठिया थाना मुहम्मदाबाद गोहना जो कोई वर्षों से मुंबई में रहकर नौकरी करते हैं। 9 जून 2010 को उसे पता चला है कि उसके रिश्तेदार भानु प्रताप के रिवाल्वर लाइसेंस का आईडी लगाकर प्रार्थना पत्र पर फर्जी फोटो लगाकर बदमाशों द्वारा सिम प्राप्त कर दुरुपयोग किया जा रहा है।

इस दौरान उसे पता चला कि पीसीओ संचालक द्वारा सिम कार्ड एक अजनबी व्यक्ति को प्रार्थी के रिश्तेदार भानु प्रताप के नाम से बेचा है जिस पर रिवाल्वर लाइसेंस के फोटो में काफी भिन्नता है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्जकर वाद विवेचना सरायलखंसी थाना क्षेत्र के कैथवली गांव निवासी परदहां ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह काका सहित एक अन्य के विरुद्ध आरोप पत्र सीजेएम न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने कुल 7 गवाहों को पेशकर अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है। सीजेएम ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद बीते सोमवार को रमेश सिंह "काका" को धारा 419, 420, 468, 471 भादवि के तहत दोषी पाया था। परन्तु आरोपी रमेश सिंह काफी दिनों से फरार होने व कोर्ट में हाजिर न होने के चलते उनके विरूद्ध सजा का ऐलान नहीं किया जा सका।

किशोरी ने किया आत्महत्या का प्रयास, अस्पताल में भर्ती

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जनपद के हलधरपुर थाना क्षेत्र के छत्तरपुर ग्राम सभा अंतर्गत स्थित टांगुनभार गांव में मंगलवार को गौरी पुत्री राजेश (15 वर्ष) ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

संयोग अच्छा रहा कि परिजनों को तत्काल इस बात की खबर लग गई। उक्त किशोरी को लेकर परिजन गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। किशोरी की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

वारण्टी अभियुक्ता गिरफ्तार

मऊ। थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान एक वारण्टी अभियुक्ता जमुनी देवी पत्नी सरवन निवासी चकिया थाना घोसी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

मनीष कुमार गोंड का राष्ट्रीय कला कार्यशाला में हुआ चयन

कार्यशाला के चित्र में दिखा ऑपरेशन सिन्दूर की झलकियां

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। कोपागंज नगर पंचायत के कोपा कोहना पूर्वी निवासी समकालीन कलाकार मनीष कुमार गोंड का विगत 16 मई से एन डी एम सी नई दिल्ली द्वारा आयोजित किये गए राष्ट्रीय कला कार्यशाला 2025 में चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस कार्यशाला में इन्होंने दो बड़े साईज के चित्रों की निर्मिति की । इस चित्र में भारत के शौर्य, संकल्प और सामर्थ्य के गौरवशाली भारतीय सैन्य के पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर को अपने चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है जो कि विगत कुछ दिनों पूर्व पाकिस्तान के कायराना हरकतों के उपरांत पूरे विश्व ने भारत की शक्ति और सामर्थ्य को देखा।

प्रो. हर्षवर्धन शर्मा के निर्देशन में यह 10 दिवसीय कार्यशाला नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा 16 से 25 मई 2025 तक आयोजित की गई थी जिसका मुख्य विषय विकसित भारत और ऑपरेशन सिंदूर रहा, जिसमें देश भर के 5 पद्मश्री कलाकारों के साथ कुल 14 देश के जाने माने कलाकारों की प्रतिभागिता रही जिसका उद्घाटन श्री कुलजीत चहल उपाध्यक्ष, एन डी एम सी नई दिल्ली ने किया। इस राष्ट्रीय कला कार्यशाला में चयन हेतु हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्विद्यालय के सहायक प्रोफेसर और कोपकोहना कोपागंज निवासी मनीष कुमार गोंड को सुनील विश्वकर्मा, सुनील कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद एवं कोपागंज के अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई दी एवं चित्रों की सराहना की और कहा कि ऐसे चित्रों विषय कोपागंज के छात्रों और आगामी युवा कलाकारों को प्रेरित करेंगी जो भारत के गौरवशाली शक्ति और इतिहास को बताता है।

पाकिस्तान में आपरेशन सिन्दुर का बनाया गया चित्र के साथ कलाकार मनीष कुमार।

70 हजार 800 रुपये की खोए चार मोबाइल पुलिस ने किया बरामद

गायब मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरे खिले, जताया आभार

थाना सरायलखन्सी में स्वामियों को मोबाइल देते थानाध्यक्ष शैलेष सिंह।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में जनपद भर में चलाये जा रहे अपराध/अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में मंगलवार को गुमशुदा/खोए कुल 04 मोबाइल फोन लगभग 70,800 (सत्तर हजार आठ सौ) रुपये कीमती बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सरायलखन्सी साइबर टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारको का गुमशुदा 03 मोबाइल लगभग 35,800 (पैतीस हजार आठ सौ) रुपये कीमती को बरामद कर स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिसमें अमरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र रामजी सिंह निवासी सहादतपुरा, समीरा सिंह पुत्री मनोज कुमार सिंह निवासी थाना नगरा जनपद बलिया, गुड्डी देवी पत्नी रविन्द्र यादव निवासी पिजड़ा शामिल हैं। वहीं थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा 35 हजार रुपये कीमत की एक मोबाइल फोन बरामद कर आवेदक सत्यम गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता निवासी मुहल्ला भगवानपुर को थानाध्यक्ष अपने कार्यालय में सुपुर्द किया। आवेदकों द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना सरायलखन्सी/दोहरीघाट के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

बरामदकर्ता पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह, निरीक्षक अपराध हरेन्द्र सिंह, उनि नयन कुमार बर्नवाल, म.उ.नि. अंशी शुक्ला, क.आ. आशीष द्विवेदी, आरक्षी धीरज कुमार, म.आ. शिखा तिवारी थाना सरायलखन्सी व थाना दोहरीघाट से प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह मय साइबर टीम शामिल रही।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

पत्रांक-281/ लेखा0/ क्षे0पं0/ ई-निविदा/ 2025-26 दिनांक-03.06.2025

ई-प्रोक्योरमेन्ट/ ई-टेण्डरिंग सूचना

क्षेत्र पंचायत मुहम्मदाबाद, जनपद-गाजीपुर द्वारा प्रस्तावित वित्तीय वर्ष-2025-26 में 15वां वित्त/राज्य वित्त के अन्तर्गत प्राप्त / स्वीकृत धनराशि के निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु ई-निविदा दिनांक-06.06.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर सम्पूर्ण विवरण, नियम व शर्तो सहित देखा जा सकता है।

1. निविदा हेतु क्षेत्र मुहम्मदाबाद, गाजीपुर के पंजीकृत ठेकेदार / फर्म ही अधिकृत होंगे।
2. निविदा आमंत्रण दिनाक 06.06.2025
3. डाउनलोड/अपलोड दिनांक-06.06.2025 से दिनांक 27.06.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा की टेक्निकल बिड खोलने की तिथि-27.06.2025 को अपराह्न 03:00 बजे।
5. निविदा की फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि-28.06.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।

खण्ड विकास अधिकारी
मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

कला के क्षेत्र में श्वेता मौर्य महाराष्ट्र के एम एफ हुसैन का मिला पुरस्कार

रंगकर्मी श्वेता मौर्य के चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर



कलाकारी करती रंगकर्मी श्वेता मौर्य।

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। जनपद मऊ के कोपा कोहना कोपागंज की निवासी एवं रंगकर्मी श्वेतामौर्य को कौशल विकास एवं आर्ट मिशन महाराष्ट्र द्वारा आयोजित प्रतियोगिता महाराष्ट्र कॉन्टेस्ट 2025 में सर्वाधिक प्रतिष्ठित एम एफ हुसैन पुरस्कार के लिए चयनित होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी है। श्वेता मौर्य को संस्था द्वारा बीस हजार की नगद धनराशि एवं स्कॉलरशिप दिया गया है। इतना ही नहीं श्वेता मौर्य के किसी भी कला संबधी पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए जाने पर उनकी पूरी फीस संस्था द्वारा वहन की जाएगी।

गौरतलब है कि श्वेता मौर्य पुत्री अनिल कुमार मौर्य उर्फ पप्पू, कला क्षेत्र के जाने माने हस्ताक्षर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर सुनील कुशवाहा, जाने माने समाजसेवी, संस्कार भारती जनपद मऊ के महामंत्री तथा नवसृजन इंटरनेशनल स्कूल कोपागंज के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेमनारायण कुशवाहा उर्फ सुधीर कुशवाहा' की भतीजी हैं।

श्वेता मौर्य की प्रारम्भिक शिक्षा कोपागंज नगर के साथ हाई स्कूल बापू इंटरमीडिएट कॉलेज कोपागंज, इंटरमीडिएट पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटरमीडिएट कॉलेज कसारा रोड कोपागंज, बीएफए काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, मास्टर ऑफ फाइन आर्ट महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से हुई है। श्वेता मौर्य को 2022 में संस्कृत मंत्रालय द्वारा सीसीआरटी फेलोशिप अवॉर्ड से नवाजा गया।बताते चलें कि श्वेता मौर्य को बचपन से ही कला के क्षेत्र में रुचि रही है। प्रकृति के बीच बैठकर पशु, पक्षियों, पेड़ पौधों को तूलिका के माध्यम से रंग भरने का श्वेता मौर्य का प्रयास सफलता की ओर दिन प्रतिदिन बढ़ते कदम के रूप में देखा जा रहा है।

श्वेता मौर्य ने बताया कि छुट्टियों में प्रदर्शनी लगाकर जनचेतना जागृत करना उनका ध्येय रहा है। अब तक उनके द्वारा 10 से ऊपर कला प्रदर्शनी लगाई जा चुकी है जिसमें कई अवार्ड मिल चुके हैं।

इस उपलब्धि पर समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, अजीज अहमद, संजय, संतोष पांडेय आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अदालती नोटिस

समन बगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जापता दीवानी) न्यायालय श्रीमान् नायब तहसीलदार सदर, जनपद- मऊ मु.नं.टी.201415510123 8 सन् 2016 मीना बनाम घूरा अन्तर्गत धारा (34) उ.प्र.रा.संहिता 2006 मौजा- रस्तीपुर, परगना- मऊनाथ भंजन, तहसील- सदर, जनपद- मऊ। दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के अदालत या मार्फत वकील पेषी मुकदमे के हालात में करार वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें जिसके साथ और कोई शक्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आप की लाजिमी है कि उसी रोज है जुमैला दस्तावेज पेंश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तला दी जाती है अगर ता0 मजकूर पर आप हाजिर होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मससूअअ और फैसला होगा बसख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज व तारीख 02 माह 06 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। तारीख पेशी 07-06-2025 आज्ञा से-तहसीलदार सदर, मऊ।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨ अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨ नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨ कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨ काल्पोस्कोपी
⇨ हिस्ट्रोस्कोपी
⇨ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।

(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)

डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)

सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छकटभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

14 वर्षीय नाबालिग से किया था बलात्कार

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के थाना गंभीरपुर क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। घटना बीती रात एक जून को हुई, जब बच्ची अपने ननिहाल आई थी और भत्तवान का खाना खाने के बाद अपने एक भाई के घर से दूसरे भाई के घर जा रही थी। रास्ते में रामपुर (रानीपुर रजमो) के पास कुछ लड़कों

ने उसे घेर लिया और एक बगीचे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी सुमित पटेल ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया, जबकि दीपक पटेल और फरहान ने उसका सहयोग किया। घटना के बाद आरोपियों ने बच्ची को अचेत अवस्था में बगीचे में छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों को घटना की सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और बच्ची को तत्काल बिंद्राबाजार के अस्पताल ले गए। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पीड़िता के रिश्तेदार की लिखित शिकायत के आधार पर थाना गंभीरपुर में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज सुबह 9:30 बजे मुजफ्फरपुर चौराहे के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिर

फ्तार आरोपियों की पहचान सुमित पटेल (पुत्र रामबचन सिंह उर्फ बटोरन पटेल), दीपक पटेल (पुत्र हीरालाल पटेल), और फरहान (पुत्र खुर्शीद), सभी निवासी रानीपुर रजमो, थाना गंभीरपुर, के रूप में हुई है।

अंबेडकर पार्क आजमगढ़ में योग दिवस कार्यक्रम का विरोध

आजमगढ़। जनपद में शासन के निर्देश पर 15 जून से 21 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसे लेकर नगर पालिका द्वारा कलेक्ट्रेट क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में योगा मंच का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी होने पर बसपा के नेता और कार्यकर्ता इसका विरोध करने लगे। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए शासन की ओर से नगर पालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश दिया गया है। नगर पालिका अधीन आने वाले अंबेडकर पार्क में सोमवार की शाम से नगरपालिका ने योगा मंच के निर्माण का कार्य शुरू किया। इसकी जानकारी होते ही बसपा के नेता और कार्यकर्ता निर्माण का विरोध करने लगे।

बारातियों से एक लाख पचास हजार रुपए और दो अंगूठी की लूट

आजमगढ़। जनपद आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के शहरोज गांव निवासी गणेश राय ने थाना सिधारी में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पुत्र मंगलेश राय की बारात के दौरान अज्ञात चोर ने

1 लाख 50 हजार रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियों से भरा बैग छीन लिया। घटना 1 जून 2025, रविवार की शाम को उस समय हुई, जब बारात हरबंशपुर, आजमगढ़ के RS मैरेज हॉल, परानापुर (RTO ऑफिस के निकट) में पहुंची थी। शिकायत के अनुसार, द्वारपूजा के दौरान बारात RTO ऑफिस से परानापुर रोड पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर बाजे-गाजे के साथ जा रही थी। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति गणेश राय के पास से बैग छीनकर फरार हो गया। गणेश राय ने सिधारी थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी का कहना है कि वे एक शांतिप्रिय व्यक्ति हैं और इस घटना से उन्हें गहरा आघात पहुंचा है। FIR का लेखन कांस्टेबल मुंशी वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक चोर की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस ने आसपास के CCTV फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है।

विद्युत दुर्व्यवस्था ने नागरिकों की बढ़ाई पीड़ा

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। इन दिनों मुहम्मदाबाद यूसुफपुर कस्बा भीषण गर्मी और उमस से बेहाल है, ऊपर से विद्युत विभाग की लापरवाही ने आमजन को और अधिक त्रस्त कर दिया है। भीषण तापमान के बीच क्षेत्र में बिजली की लगातार हो रही अनियमित कटौती ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इस कस्बे में बीते कई दिनों से बिजली की आपूर्ति बेहद अनिश्चित हो गई है। घंटों-घंटों बिजली गुल रहने से न केवल घरों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी ठप हो रही है, जिससे लोगों को दुगुनी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

नटराज कटरा क्षेत्र में 11,000 वोल्टेज की लाइन सबसे अधिक जर्जर स्थिति में है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह तार आए दिन टूटता है और हाई वोल्टेज लाइन के सड़क पर गिरने की घटनाएं अब आम हो गई हैं। सोमवार की शाम लगभग 7:30 बजे ऐसी ही एक घटना हुई, जब तार टूटकर सड़क पर गिरा। सौभाग्य से उस वक्त कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था, वरना जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था। इस स्थान के पास ही नगरपालिका की पेयजल छोटी टंकी स्थित है, जहां आमतौर पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि विद्युत विभाग को इस समस्या की पूरी जानकारी है, फिर भी न तारों की मरम्मत की जा रही है, न उन्हें बदला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने पर केवल औपचारिक जवाब मिलता है कि शाम के समय लोड अधिक होने से तार टूट जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि यह जवाब अब रटे-रटाए बहाने बन चुके हैं और जनता अब ऐसे उत्तरों से संतुष्ट नहीं है।

स्थानीय नागरिकों ने एसडीओ सहित जनप्रतिनिधियों से भी कई बार संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गर्मी, बिजली और पानी की त्रासदी ने जनता का धैर्य तोड़ दिया है। नागरिकों की मांग है कि बिजली व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए, जर्जर तारों को बदला जाए और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अगर प्रशासन और विभाग ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो किसी दिन यह लापरवाही एक गंभीर हादसे का कारण बन सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग पर होगी।

दिव्यांग दूल्हा होने पर कन्या पक्ष ने शादी से किया इनकार

आजमगढ़। जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गहजी गांव में रविवार रात एक शादी समारोह में उस वक्त हंगामा मच गया, जब कन्या पक्ष ने दूल्हे को दिव्यांग बताकर शादी से इनकार कर दिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कजराकोल गांव से दीपचंद यादव के परिवार की बरात रामजीत यादव के घर पहुंची थी।कन्या पक्ष ने आरोप लगाया कि शादी तय करते समय उन्हें दूसरा लड़का दिखाया गया, लेकिन मंडप में पहुंचा दूल्हा दिव्यांग निकला। बरात के स्वागत और द्वार पूजा के बाद जब शादी की रस्म शुरू हुई, तो पुरोहित के फूल-अक्षत लेने के निर्देश पर दूल्हे का हाथ नहीं उठा। इससे कन्या पक्ष को शक हुआ और जांच में दूल्हा दिव्यांग पाया गया। इसके बाद कन्या पक्ष ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शादी रोक दी और 3 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति मांगी। रात भर चली पंचायत बेनतीजा रही। सोमवार सुबह अहरौला पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश मिश्रा और सिपाही राजेश बागी ने दोनों पक्षों से बातचीत की। लंबी चर्चा के बाद मामला 2.17 लाख रुपये में सुलझ गया। वर पक्ष ने यह राशि कन्या पक्ष को दी और दिए गए जेवर वापस ले लिए। लिखित समझौते के बाद वर पक्ष को सकुशल घर भेजा गया।

इस बार 5 जून को मनाया जाएगा गंगा दशहरा का पर्व

भांवरकोल (गाजीपुर)। इस साल गंगा दशहरा 05 जून गुरुवार को है। इस दिन गंगा स्नान, दान व पूजन का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म में मान्यताओं के अनुसार, इस दिन किया गया पुण्य कई गुना अधिक फल प्रदान करता है। हिन्दू धर्म में तो गंगा को देवी माँ का दर्जा दिया गया है। यह माना जाता है कि जब माँ गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता हैं। रामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास जी ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि %गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला। अर्थात गंगा जी समस्त आनंद-मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए।

फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नई बस्ती मलिकपुरा में सोमवार शाम लगभग 7-30 बजे एक फर्नीचर की दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का फर्नीचर जलकर राख हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुकान यासीन खान नामक व्यक्ति की थी। सोमवार की शाम करीब 7.30 बजे दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने पास में रखे फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा फर्नीचर धू-धू कर जलने लगा। आग की भयावहता को देख आस-

पास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। संयोगवश, उसी समय विद्युत तार टूट जाने से बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना टल गई। पास ही के एक युवक ने टुल्लू पंप की मदद से आग बुझाने की कोशिश शुरू की और अन्य लोग बाल्टियों से पानी डालकर मदद करने लगे।

स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर किसी तरह काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक लाखों का फर्नीचर जलकर खाक हो चुका था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। यासीन खान मूलत: मलिकपुरा का निवासी है और उसने नई बस्ती मलिकपुरा कटरा में अपनी फर्नीचर की दुकान खोली थी। इस भीषण हादसे में किसी के हताहत होने का समाचार प्राप्त नहीं हुआ है।

बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत, दूसरे की स्थिति नाजुक

सिकंदरपुर (बलिया)। थाना क्षेत्र सिकंदरपुर के टिकोड़ा गांव के समीप सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांसडीह थाना क्षेत्र के निवासी राकेश चौहान (22 वर्ष), पुत्र हरिंदर चौहान अपने साथी बलवंत चौहान के साथ बाइक से रसड़ा किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक टिकोड़ा गांव के समीप इटही मार्ग पर पहुंची, तभी तेज रफ्तार के चलते वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में राकेश चौहान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बलवंत गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और घायल युवक को तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय लोग हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं।

अवैध तमंचा के साथ हिस्ट्रीसीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज़

सिकंदरपुर(बलिया)। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रात्रि चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति एवं अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार के कुशल नेतृत्व मे थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान चेकिंग व रोकथाम जुर्म जरायम अपराध के अन्तर्गत मंगलवार को प्र.नि. प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव मय हमराह उ0 नि0 नीरज यादव व का0 सालिक राम वर्मा, देखभाल क्षेत्र तलाश अवांछनीय तत्व व चेकिंग संदिग्ध वाहन मे बस स्टेशन चौराहा पर मामूर थे कि जरिये मुखबिर सूचना मिली की एक व्यक्ति गंगोत्री इन्टर कालेज नहर पुलिस के पास की तरफ जा रहा है इस सूचना पर उ0नि0 प्रमोद यादव मय हमराहियान व मुखबिर के गंगोत्री इन्टर कालेज नहर पुलिस के

तरफ जा रहे थे कि एक व्यक्ति को पकड लिया पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम परवेज उर्फ बौना पुत्र गोरख ग्राम चकखान थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया उम्र 25 वर्ष बताया। पकड़े हुये व्यक्ति की जामा तलाशी लेने पर जिन्स के दाहिने फेटे से नाजायज तमंचा खुसा हुआ था जेब चेक किया तो बाये जेब से एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। अभियुक्त को समय 04.25 बजे बाजाफ्ता बाकायदा पुलिस हिरासत मे लिया गया तथा बरामदशुदा तमंचा कारतूस एक सफेद डिब्बे में रखकर सीलकर सर्व मोहर कर नमूना मोहर तैयार कर उपरोक्त के कब्जा पुलिस लिया। फर्द तैयार कर थाना स्थानीय दाखिल किया गया।

महिला समेत दो को आजीवन कारावास

बलिया। पुलिस के मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन विभाग के प्रभावी पैरवी से थाना उभांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-55/ 2021 धारा 302/34/201 भादवि में 02 नफर अभियुक्तगण वेद ब्यास उर्फ बड़े पुत्र रामेश्वर वर्मा 2. श्रीमती निर्मला वर्मा पत्नी मृतक मान सिंह वर्मा निवासीगण तेलमा जलालुद्दीनपुर हाल मुकाम एकसार राईस मिल थाना उभांव जनपद बलिया को मा0 न्यायालय सत्र न्यायाधीश जनपद बलिया द्वारा धारा 302/34 भा0दं0सं0 में दोषसिद्द पाते हुये प्रत्येक अभियुक्तगण को सश्रम आजीवन कारावास व प्रत्येक अभियुक्तगण को 5000/ -5000/ (पांच-पांच हजार) रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

ई-निविदा सूचना

(1) ई-निविदा संख्या: 09-वि0प्रे0खं0-द्वि0 (जौ0)/ 2025-26:- विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, जौनपुर के अन्तर्गत 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिद्दीकपुर पर 33 केवी मनिया 'बे' के इरेक्शन एवं कमिशनिंग के कार्य हेतु। निविदा खुलने की तिथि 28.06.2025। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/- जी0एस0टी0 सहित। धरोहर राशि रू0 2,000/- (रू0 दो हजार मात्र)। निविदा सम्बन्धी अन्य विवरण जैसे निविदा में संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचावें"

अधिशासी अभियन्ता

विद्युत प्रेषण खण्ड-द्वितीय, जौनपुर

पत्रांक-530/वि0प्रे0खं0-द्वि0(जौ0)/ई-निविदा

दिनांक-03.06.2025

कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

पत्र सं0: 57/ नि0सू0/ न0पं0म0श0 / 2025-26 — दिनांक 29.05.2025

नोटिस

एतद्द्वारा भवन स्वामियों/ क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भवन स्वामियों द्वारा नामान्तरण से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों के साथ संलग्न साक्ष्यों के आधार पर कर निर्धारण रजिस्टर वर्ष 2006-07 से 2024-25 तक में दर्ज नाम के स्थान पर संशोधित नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर विभाग में विचाराधीन है। अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपना पक्ष/ आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को निस्तारित कर दिया जायेगा। जिसकी सूची निम्नवत् है।

क्र. सं.	फाईल/ पत्रावली सं.	भवन संख्या	वार्ड / मुहल्ला	वर्तमान नाम / विक्रेता का नाम	नामान्तरण / कर निर्धारण हेतु प्रस्तावित नाम	संलग्नक साक्ष्य	नामान्तरण / वरासत / वसीयत
1	434	265	पूराजियाई	आजाद पुत्र मद्दन नि0मो0 पूराजियाई मछलीशहर	शाहजहां विधवा व बाबू सलमान सोनू फारूक पुत्रगण स्व0 आजाद नि0मो0 पूराजियाई मछलीशहर	शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निकट सम्बन्धी गृहकर रसीद की छाया प्रति	वरासत
2	435	नया	कोतवाली	मोमिना खातून पत्नी मो0 नईम नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर	साजिया बानो पत्नी मो0 इमरान ग्राम पतुलकी	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
3	436	नया	कजियाना	पैतृक सम्पत्ति छूटे हुये भवन को दर्ज कराने हेतु	असलम पुत्र रहमान नि0मो0 कजियाना मछलीशहर	शपथ पत्र	नामान्तरण
4	437	109	सादीगंज द0	वहीदुलहक, मजीदुलहक कुरैशी पुत्रगण मो0 युसूफ नि0मो0 सादीगंज द0 मछलीशहर	फात्मा पत्नी अहमद अली नि0मो0 उमराना मछलीशहर	पंजीकृत बैनामा	नामान्तरण
5	438	नया	कृपाशंकरनगर	पैतृक सम्पत्ति छूटे हुये भवन को दर्ज कराने हेतु	मो0 शाबिर पुत्र कदीर खान नि0मो0 कृपाशंकरनगर	उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
6	439	नया	कजियाना	मो0 शादाब पुत्र मुमताज अहमद नि0मो0 चौक मछलीशहर	आयशा बानो पत्नी शेर अली नि0मो0 चौक मछलीशहर	उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
7	440	नया	कजियाना	शाह आलम पुत्र समीउल्ला नि0मो0 कजियाना मछलीशहर	अब्दुल्लाह पुत्र इस्लाम नि0मो0 घनश्यामपुर बदलापुर	पंजीकृत बैनामा स्वीकृत भवन मानचित्र की छाया प्रति	नामान्तरण
8	441	नया	कृपाशंकरनगर	बेलाल अहमद पुत्र जान मो0 कोतवाली मछलीशहर	उषा देवी पत्नी सुभाषचन्द्र हलवाई डमरूआ	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
9	442	नया	कृपाशंकरनगर	अशोक कुमार पुत्र राघवराम नि0मो0 मंगलबाजार मछलीशहर	श्यामकुमार पुत्र अशोक कुमार जायसवाल नि0मो0 सादीगंज मछलीशहर	पंजीकृत बैनामा	नामान्तरण
10	443	176	कायस्थाना सराय	उदयराज गिरी पुत्र गुलाब गिरी नि0ग्रा0 बसडूआ	सीमा देवी पत्नी स्व0 उमेशदत्त शुक्ला नि0मो0 कायस्थाना मछलीशहर	पंजीकृत बैनामा	नामान्तरण
11	444	नया	कृपाशंकरनगर	मेराज अहमद पुत्र निजामुद्दीन नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर	मकसूद इब्राहिम शेख पुत्र इस्माईल शेख नि0ग्रा0 राजेपुर बरईपार	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
12	446	नया	उमराना	सर्वे से छूटे भूमि को दर्ज कराने के सम्बन्धित राम जानकी मन्दिर परिसर	राम जानकी मन्दिर परिसर	उद्धरण खतौनी लेखपाल रिपोर्ट नजरी नक्शा	नामान्तरण
13	447	नया	पूराजियाई	मनीष कुमार जायसवाल पुत्र सन्तोष कुमार जायसवाल नि0मो0 खानजादा मछलीशहर	इस्राईल पुत्र मुनौवर नि0मो0 काजीकापूरा मछलीशहर	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
14	448	नया	कृपाशंकरनगर	आरजू पत्नी मो0 अयूब शाह नि0मो0 कृपाशंकरनगर मछलीशहर	गुलाबी देवी पत्नी राम सेवक प्रजापति नि0ग्रा0 रसूलपुर	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी	नामान्तरण
15	449	नया	उमराना	अवधेश कुमार गुप्ता पुत्र श्रीपति गुप्ता नि0मो0 उमराना मछलीशहर	श्रीमती नीलम तिवारी पत्नी रमेशचन्द्र तिवारी नि0ग्रा0 आरबी 19 इण्डस टाउन 1 सेक्टर 1 प्रीथमपुर धनर मध्य प्रदेश	पंजीकृत बैनामा	नामान्तरण
16	450	नया	अलवियाना	असलमा सुल्ताना पत्नी समसुलहक नि0मो0 अलवियाना		पंजीकृत बैनामा	नामान्तरण
17	451	27 व 39	चौहट्टा	रतनकुवर पुत्र मनबोध नि0मो0 चौहट्टा मछलीशहर	चन्द्रकुवर, शम्भूनाथ मौर्या पुत्रगण स्व0 मनबोध व उषा देवी विधवा अरूण कुमार, कपील मौर्या पुत्रगण स्व0 रतनकुवर नि0मो0 चौहट्टा मछलीशहर	मृत्यु प्रमाण पत्र, निकट सम्बन्धी	वरासत
18	452	नया	कजियाना	सेराज अहमद पुत्र उस्मान व स्व0 मोमिना बेगम पत्नी मो0 बुग्गन नि0मो0 कजियाना मछलीशहर	मो0 आसु पुत्र मो0 बुग्गन नि0मो0 कजियाना मछलीशहर	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी मृत्यु प्रमाण पत्र	नामान्तरण
19	453	67	पूरानन्दलाल	भुनेश्वर पुत्र सुखदेव नि0मो0 पूरानन्दलाल मछलीशहर	चमेला विधवा व शिवशंकर, शिवकुमार पुत्रगण स्व0 भुनेश्वर नि0मो0 पूरानन्दलाल मछलीशहर	मृत्यु प्रमाण पत्र, गृहकर रसीद पारिवारिक समझौता आदि	नामान्तरण
20	454	नया	पूराजियाई	मौरूसी सम्पत्ति छूटे हुये भवन को दर्ज करने के सम्बन्ध में	सुरेन्द्र कुमार मौर्य पुत्र राजाराम मौर्य नि0मो0 पूराजियाई मछलीशहर	उद्धरण खतौनी शपथ पत्र	नामान्तरण
21	455	150	सादीगंज दक्षिणी	जलालुद्दीन पुत्र बदरूद्दीन नि0मो0 सादीगंज दक्षिणी मछलीशहर	कौशल जहाँ विधवा व अनवर जलाल, असरफ जलाल, नाजीस जलाल, कैशर जलाल, सिद्दीकी पुत्र जलालुद्दीन सिद्दीकी सादीगंज दक्षिणी मछलीशहर	मृत्यु प्रमाण पत्र गृहकर रसीद निकट सम्बन्धी शपथ पत्र	वरासत
22	456	नया	सराय	राजनारायन पुत्र गयाद्दीन व तेज बहादुर पुत्र माता प्रसाद यादव नि0ग्रा0 सादीगंज उ0 व ग्रा0 जमालपुर	जयचन्द्र प्रजापति, लालचन्द्र प्रजापति पुत्रगण दुबरी राम प्रजापति नि0ग्रा0 पराहित	पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी	नामान्तरण

(कुमार सौरभ)
प्रशासक
नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

अपना कर समय से जमा कर नगर के विकास में सहयोगी बने

(विजय कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

प्रवेश प्रारम्भ   प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ
प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टैक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथिरैपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टैक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर / Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name   Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

कराची की जेल में कैदियों ने ढूंढा आपदा में अवसर

भूकंप से कमजोर हुई दीवारें, तोड़कर कई फरार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान से अजीबोगरीब घटना सामने आई है। पाकिस्तान के कराची में भूकंप लोगों के लिए अवसर बनकर आया है, कराची में भूकंप के दौरान जेल की दीवारों में दरारें आ गईं, जिसका पूरा-पूरा फायदा कैदियों ने उठाया। बताया जा रहा है कैदी जेल की दीवार तोड़कर फरार हो गए।

प्रांतीय कानून मंत्री ने इसकी जानकारी दी। मंत्री जिया-उल-हसन लंजर ने मालिर जेल के बाहर संवाददाताओं को बताया कि जेल से भागने की घटना तब हुई जब भूकंपों के कारण कैदियों में दहशत फैल गई। पाकिस्तान में आए तेज भूकंप के कारण जेल की दीवार कमजोर हो गई।

टीवी समाचार चैनलों पर उनके बयान को दिखाया गया है। लंजर ने कहा कि भागने वाले 46 लोगों को पकड़ लिया गया है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने कैदी भागे हैं।

उन्होंने कहा कि जेल से भागने की यह घटना पाकिस्तान में अब तक की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची शहर में देर रात हल्की तीव्रता वाले भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पहला भूकंप 3.2 तीव्रता का था। दूसरा झटका उस इलाके में देर रात महसूस किया गया, तीसरा झटका कराची के कायदाबाद इलाके में आया।

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया
बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत
पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन
हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी
प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा), बवासीर
भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र
विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक
सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

सलमान खान ने नई फिल्म के लिए बदला हुलिया

नई दिल्ली। सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के वो नायाब सितारे हैं, जिनके चाहने वालों का संख्या पूरी दुनिया में मौजूद है। फैंस में उनकी फिल्मों को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। हालांकि, बीता समय बतौर एक्टर सलमान के लिए कुछ खास नहीं गुजरा है और इस साल आई उनकी बहुचर्चित फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई। अब सलमान खान अपनी आने वाली वॉर ड्रामा फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं और इसके लिए भाईजान ने अपना लुक भी बदल लिया है। जिसकी पहली झलक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सलमान खान वह अभिनेता हैं, जो फिल्मों में स्क्रीप्ट की डिमांड के अनुसार अपने लुक के साथ फेरबदल करते हैं। उदाहरण के लिए आप सुल्तान, दबंग और भारत का नाम ले सकते हैं। इस क्रम को जारी रखते हुए अब सलमान ने अपकमिंग मूवी के लिए भी कुछ ऐसा ही करके दिखाया है। दरअसल सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर खूब वायरल हो रही है, जिसमें सलमान मूंछ में दिखाई दे रहे हैं।

इस फोटो को देखने के बाद फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि उनकी आने वाली नई फिल्म के लिए है। भाईजान निर्देशक अपूर्व लखिया के डायरेक्शन में बनने वाली वॉर ड्रामा मूवी को लेकर चर्चा में हैं, जो 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर आधारित होगी। इसी वॉर में शहीद हुए कर्नल बी संतोष बाबू की बायोपिक में सलमान उनकी भूमिका निभाते हुए नजर आ सकते हैं। फोटो को देखकर आप अनुमान लगा सकते हैं कि सलमान खान ने ऑन स्क्रीन फौजी संतोष की तरह दिखने के लिए अपना हुलिया बदला है। हालांकि, अभी उनकी इस अपकमिंग मूवी की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
(अण्डरग्राउण्ड शोरूम)
सम्मानित ग्राहकगण
सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे।
विश्वास ही हमारी परम्परा है।
Gomti Press, Jaunpur
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
- जनपद जौनपुर का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज।
- योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सीय शिक्षा।
- विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा।
- डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलॉजी, सर्जरी, ट्रामा, मेडिकल आई.सी.यू. ओटी, फिजियोथैरेपी, पंचकर्म, क्षारसूत्र से सुसज्जित हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण।
- विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट वातावरण।
- आधुनिक पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला।

NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

ग्रीस में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली। ग्रीस के डोडेकेनीज द्वीप क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता इतनी तेज थी ये झटके तुर्किये तक महसूस किए गए। तुर्किये में भी भूकंप के झटकों से धरती हिल उठी है। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की गहराई 68 किलोमीटर थी। ग्रीस की सीमा तुर्की से लगती है, इसलिए ऐसे में तुर्की में भारी तबाही की संभावना है। तुर्किये के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में यूएई समयानुसार सुबह 3.17 बजे यह भूकंप दर्ज किया गया।

तुर्किये में हर दूसरे महीने भूकंप के झटके लगते रहते हैं और इस क्षेत्र को भूकंप के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक स्थानों में से एक माना जाता है। तुर्किये के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) के आंकड़ों के अनुसार अकेले साल 2020 में 33,000 से अधिक भूकंप की घटनाएं यहां देखने को मिली, जिनमें से 322 की तीव्रता 4.0 से भी अधिक थी।